

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17


5 अगरकर का 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक टीम चुनेंगे | सम्पादकीय पानी को रोकने की मिट्टी की क्षमता... | लेंसकार्ट ने ड्रेस कोड विवाद पर माफी-मांगी अब.... 5

वर्ष 20 ● अंक 59 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online भोपाल, सोमवार 20 अप्रैल 2026 email - hindustanexpressbhopal@gmail.com मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

## एनडीए सरकार संसद में प्रस्तावित परिसीमन विधेयक को पारित कराना सुनिश्चित करेगी: अमित शाह

**कोयंबटूर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को जोर देकर कहा कि एनडीए सरकार संसद में प्रस्तावित परिसीमन विधेयक को पारित कराना सुनिश्चित करेगी। उन्होंने डीएमके-कांग्रेस गठबंधन पर तमिलनाडु में राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने के प्रयासों में बाधा डालने का आरोप लगाया। 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले इरोड जिले के मोदकुरिची में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने जनसंख्या परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए और प्रतिनिधित्व में सुधार लाने के लिए राज्य में विधानसभा सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव रखा है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमके और कांग्रेस की संकीर्ण राजनीतिक सोच और निहित स्वार्थों के कारण इस कदम को रोका गया है। हम इस साजिश को स्वीकार नहीं करेंगे। एनडीए सरकार तमिलनाडु की जनता की



आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि परिसीमन विधेयक पारित होगा।केंद्रीय मंत्री ने विधानसभाओं में महिला आरक्षण को लागू करने में हो रही देरी को लेकर विपक्ष की आलोचना भी की। प्रस्तावित महिला आरक्षण विधेयक का जिक्र करते हुए, केंद्रीय गृह मंत्री ने डीएमके-कांग्रेस गठबंधन पर महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के प्रति वास्तविक प्रतिबद्धता की कमी का आरोप लगाया।राज्य की राजनीति पर ध्यान केंद्रित करते हुए गृह मंत्री शाह ने डीएमके नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए उस पर वंशवादी शासन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। किसी का नाम लिए बिना, उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि से लेकर उनके बेटे एमके स्टालिन तक की राजनीतिक परंपरा का जिक्र किया और संकेत दिया कि सत्ता का अगला हस्तांतरण उदयनिधि स्टालिन के हाथों हो सकता है।

## भगवान परशुराम को मिलेगी राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री ने नारायण के छठवें अवतार भगवान परशुराम की जन्म-स्थली पर की पूजा-अर्चना**

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सनातन परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और विकासोन्मुख दृष्टि का समन्वित संदेश देते हुए कहा कि भगवान परशुराम का जीवन आस्था, श्रद्धा और धर्म की स्थापना के लिए समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हर युग में अधर्म के विरुद्ध खड़े होकर परशुराम जी ने धर्म की पुनर्स्थापना की और शस्त्र तथा शास्त्र दोनों में पारंगत रहकर संतुलित शक्ति का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में 17.41 करोड़ की लागत से श्री परशुराम-श्रीकृष्ण लोक विकसित किया जायेगा, जो भगवान परशुराम और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने वाला एक प्रमुख आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन का केन्द्र बनेगा। इस लोक के माध्यम से जानापाव को राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर इंदौर जिले के जानापाव में आयोजित 'परशुराम प्रकटोत्सव' को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भगवान परशुराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की और महाभारतकालीन अस्त्र-शस्त्रों और चक्रव्यूह की कला पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जानापाव क्षेत्र से 7 से अधिक नदियों का उद्गम हुआ है, जिनमें प्रमुख रूप से चंबल, गंभीर, अजनार, चोरल शामिल हैं। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंभीर और अजनार नदी को पुनर्जीवित करने की कार्य-योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने



कहा कि नदियां धरती माता की धमनियों के समान है। उनका संरक्षण, पुनर्जीवन और सतत प्रवाह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। नदियों के जीवित होने से हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित नदी जोड़ो अभियान की सराहना करते हुए कहा कि केन-बेतवा परियोजना से बुंदेलखण्ड क्षेत्र और पार्वती-कालीसिंध परियोजना से मालवा एवं राजस्थान क्षेत्र को पेयजल, सिंचाई उद्योग और बिजली उत्पादन में व्यापक लाभ मिलेगा, जो क्षेत्रीय विकास को नई गति देगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम के विवाह में परशुराम जी के धनुष की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जो उस काल की परंपरा और सामर्थ्य का प्रतीक है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि परशुराम जी के आशीर्वाद से ही उन्होंने असंभव प्रतीत होने वाले कार्यों को संभव किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परशुराम जी को महान गुरु बताते हुए कहा कि उन्होंने भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे महायोद्धाओं को शिक्षित कर उन्हें दिव्यास्त्रों का ज्ञान प्रदान किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जानापाव में प्रस्तावित लोक में पौराणिक महत्व को दर्शाने वाला एक भव्य संग्रहालय बनाया जाएगा, जिसमें शस्त्र दीर्घा, उत्पत्ति दीर्घा, स्वरूप दीर्घा, संतुलन दीर्घा और ध्यान दीर्घा के माध्यम से भगवान परशुराम और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विविध आयामों को प्रस्तुत किया जाएगा। परिसर में दोनों भगवानों की कांस्य प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी, 30 फीट ऊंचा भव्य प्रवेश द्वार निर्मित होगा, कथा मंच का निर्माण किया जाएगा तथा गज़ेबो, व्यू पॉइंट, लैंडस्केपिंग और पाथ-वे सहित अन्य आधारभूत विकास कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के लीला-स्थलों को 'श्रीकृष्ण पाथेय' के रूप में विकसित कर उन्हें तीर्थ स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं हुई हैं, उन सभी स्थानों को आस्था और पर्यटन के प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित 'नदी जोड़ो अभियान' की सराहना करते हुए कहा कि केन-बेतवा परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना से मालवा एवं राजस्थान क्षेत्र को पेयजल, सिंचाई, उद्योग और बिजली उत्पादन में व्यापक लाभ मिलेगा, जो क्षेत्रीय विकास को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सड़क, पुल, बांध, नहर, अस्पताल और स्कूल जैसी आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में 'सांदीपनि विद्यालय' के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर त्यौहार और परंपरा को समाज के साथ मिलकर उत्सव के रूप में मनाना और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि उन्हें उनका हक दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सनातन संस्कृति में माता के सम्मान और देवताओं के साथ उनके नाम के महत्व को विशेष रूप से रेखांकित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भक्ति गायन और 'परशुराम नाट्य लीला' के माध्यम से भगवान परशुराम के जीवन और उनके विराट व्यक्तित्व को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे आस्था और सांस्कृतिक उत्सव का विशेष वातावरण निर्मित हुआ। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक एवं पूर्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, जन-प्रतिनिधि, संत, सामाजिक संगठनों एवं ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 60 दिन में हाईवे से हटाने होंगे सभी अतिक्रमण एवं अवैध ढाबे: न्यायाधिपति जे.के. माहेश्वरी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधिपति श्री जे.के. माहेश्वरी द्वारा देश के हाईवे मार्गों पर अतिक्रमण एवं अवैध ढाबों को सुरक्षित यात्रा के लिए बड़ा खतरा मानते हुए सभी राज्य सरकारों को 60 दिन में सभी हाईवे पर निरीक्षण, परीक्षण एवं अभियान चलाकर ऐसे अतिक्रमणों एवं अवैध ढाबे को तुरन्त हटाएं जाने के निर्देश दिए हैं।

जस्टिस श्री माहेश्वरी ने मार्गों पर आमजन की सुरक्षा में खतरा बने अवैध रूप से संचालित ढाबे एवं अतिक्रमण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए समस्त राज्य सरकारों को अतिक्रमणों हटाने और हाईवे को साफ, सुंदर और सुरक्षित बनाने के लिए निर्देश देते हुए कहा है कि कहा कि यह मानव जीवन के अधिकार आर्टिकल 21 से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण मुद्दा जो कि देश के सभी राष्ट्रीय और राजमार्गों पर अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकारों को मानव जीवन के अधिकार आर्टिकल 21 पर गौर करते हुए कहा कि मानव जीवन के साथ किसी भी स्थिति में अनदेखा नहीं की जा सकती है, जिनकी वजह



से हाईवे मार्गों पर अतिक्रमण कर मार्ग को संकुचित किया जा रहा है। आए दिन देखा जाता है कि इन अवैध ढाबों एवं अतिक्रमण के द्वारा हाईवे पर भारी दुर्घटनाएं होती रहती हैं और आम नागरिक की जान को जहां खतरा उत्पन्न हो गया है, वहीं जीवन संघर्षमय हो जाता है। उपरोक्त जनहित के मुद्दे पर जस्टिस जे.के. माहेश्वरी ने भारत के सभी राज्यों की सरकारों को यह निर्देश दिए हैं कि वे सभी हाईवे पर अपनी जिम्मेवारी मानते हुए अवैध अतिक्रमण और अवैध ढाबों को हटाकर के हाईवे मार्गों को सुरक्षित करें ताकि आवागमन सुविधापूर्वक हो सकें और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने ऐतिहासिक फैसला देते हुए यह भी कहा कि सरकारों की मेहती जवाबदारी है कि सड़क हादसों की बढ़ती घटनाओं पर हर हाल में रोक लगाई जाए इसके लिए सार्थक एवं कठोर कदम उठाने की जरूरत है। न्यायाधिपति श्री माहेश्वरी ने राज्यों को सख्त निर्देश देते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है कि वे इस फैसले के 60 दिन के भीतर सभी राज्यों के हाईवे पर हो रहे अतिक्रमण और अवैध ढाबों को राज्य सरकार तत्काल हटाएं और आमजन की यात्रा को सुरक्षित सुनिश्चित करें। यह एतिहासिक फैसला पूरे देश की सड़क सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव लाएगा और निश्चित रूप से हाईवे पर सुरक्षा और दुर्घटनाओं की रोकथाम की दृष्टि से यह आदेश मील का पत्थर साबित होगा।

## अनेक विवाह समारोहों में शामिल हुए विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर रविवार को अक्षय तृतीया के मौके पर आयोजित अनेक विवाह समारोहों में शामिल हुए। ग्राम बंधपुरा तहसील जौरा जिला मुरैना में सियाराम गुर्जर की पुत्री, बज्रसिंह गुर्जर की भतीजी एवं श्रीमती आरती गुर्जर (जिला पंचायत अध्यक्ष मुरैना) की चचेरी बहिन सौ. पूनम के विवाह समारोह में सम्मिलित होकर परिवारजनों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उधर सुरेन्द्र रावत के पुत्र एवं सबलगढ़ विधायक श्रीमती सरला रावत-बिजेंद्र रावत के भतीजे चि. मनु के लगुन फलदान कार्यक्रम में सबलगढ़ सबलगढ़ पहुंचकर आशीर्वाद एवं बधाई दी। मार्ग में अनेक स्थानों पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर का आत्मीय स्वागत किया गया।

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में धमाका में 18 की मौत, 6 घायल

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में रविवार को एक पटाखा फैक्ट्री में धमाका हुआ। पुलिस के मुताबिक, हादसे में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है।

हादसे के समय फैक्ट्री में 30 मजदूर काम कर रहे थे। 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें तीन महिलाएं हैं, जो करीब 60 प्रतिशत तक झुलस गई हैं। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है।

दमकल और रेस्क्यू टीमें कई घंटों से आग बुझाने और मलबा हटाने में जुटी हैं। धमाके के बाद भी पटाखे फूटते रहे, जिससे रेस्क्यू में दिक्कत



आई। शुरुआती जांच में सामने आया कि विस्फोट फैक्ट्री के सामने वाले हिस्से में हुआ है, जहां मजदूर कच्चे सामान के साथ काम कर रहे थे। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने X पर लिखा- मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मंत्रियों को तुरंत घटनास्थल पर जाने के लिए कहा है। साथ ही जिला कलेक्टर से बात कर सभी जरूरी सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। इससे पहले 13 अप्रैल को विरुधुनगर सत्तूर के पास सथिरापट्टी इलाके में एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ था। इसमें दो मजदूर की मौत हो गई थी। पांडी नाम के मजदूर की मौके पर झुलसने से मौत हो गई थी। वहीं अस्पताल में इलाज के दौरान करुप्पासामी (33) की मौत हो गई।

## विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह शामिल हुए सामूहिक विवाह समारोह में, वर-वधु को दिया आशीर्वाद






-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा रविवार को श्री विश्वकर्मा गोड समाज विकास आदर्श विभाग समिति द्वारा आयोजित 24वें सामूहिक विवाह समारोह में सहभागिता की गई। श्री तोमर यहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने सभी वर-वधु को शुभाशीष प्रदान किए तथा उनके सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर बोलते हुए विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि श्री विश्वकर्मा गोड समाज विकास आदर्श विभाग समिति ने सामूहिक विवाह समारोह का जो आयोजन किया है वह प्रशंसा के योग्य है। क्योंकि वर्तमान में महंगी शादियों के दौर को देखते हुए इस तरह के आयोजनों की उपयोगिता स्वतः ही बढ़ जाती है। ऐसे आयोजन आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए वरदान सिद्ध होते हैं। क्योंकि इन लोगों को यहां बड़ी आसानी से अपने विवाह योग्य पुत्र-पुत्रियों की शादी करने का अच्छा अवसर प्राप्त हो जाता है। अंत में श्री तोमर ने आयोजकों को बधाई दी तथा वर-वधुओं के सुखद दाम्पत्य जीवन की कामना की।

## भारत-रूस एक-दूसरे की जमीन पर 3000 हजार सैनिक तैनात करेंगे, दोनों देशों में रक्षा समझौता लागू

**रूस।** भारत और रूस के बीच रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट रक्षा समझौता अब लागू हो गया है। इसके तहत दोनों देश एक-दूसरे की जमीन पर 3000 सैनिक तक तैनात कर सकेंगे। साथ ही 5 युद्धपोत और 10 सैन्य विमानों की तैनाती की भी अनुमति दी गई है। दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे के मिलिट्री बेस, एयरबेस और बंदरगाहों का इस्तेमाल कर सकेंगी, जिससे लंबे समय तक सैन्य तैनाती और ऑपरेशन आसान होंगे। डील में लॉजिस्टिक सपोर्ट भी शामिल है। इसके तहत ईंधन, पानी, मरम्मत, तकनीकी संसाधन और अन्य जरूरी सप्लाई उपलब्ध



कराई जाएंगी। वहीं, विमानों के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल और फ्लाइट से जुड़ी सेवाएं भी मिलेंगी। यह समझौता फरवरी 2025 में साइन हुआ था और दिसंबर 2025 में रूस ने इसे मंजूरी दी। यह 5 साल के लिए लागू रहेगा, जिसे आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है। हालांकि, यह समझौता युद्ध के लिए नहीं है। इसका इस्तेमाल केवल शांति के समय ट्रेनिंग, संयुक्त अभ्यास और लॉजिस्टिक सहयोग के लिए किया जाएगा। इस डील को भारत और रूस के बीच मजबूत होती रणनीतिक साझेदारी का अहम कदम माना जा रहा है।

## चारधाम यात्रा शुरू, गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खुले

### अब तक 18 लाख लोगों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

**उत्तराखंड।** आज से चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर गंगोत्री और 12 बजकर 35 मिनट पर यमुनोत्री के कपाट खोल दिए गए। गंगोत्री में पहली पूजा पीएम मोदी के नाम की हुई, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए। इस पूजा के खत्म होने के बाद आम लोग अब मां गंगा के दर्शन कर पा रहे हैं। उधर, मां यमुनोत्री में कपाट खुलते ही काफी देर से दर्शन के लिए खड़े लोगों की भीड़ अब मंदिर की तरफ बढ़ती दिख रही है। वहीं, बाबा केदार की डोली भी अपने शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर से फाटा की ओर रवाना हो गई है। बाबा की पंचमुखी डोली 21 अप्रैल को केदारनाथ पहुंचेगी जिसके बाद अगले दिन 22 अप्रैल कपाट खुलेंगे। रविवार दोपहर 3 बजे तक 18 लाख से ज्यादा लोगों ने चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा लिया है।

## मॉडल हर्षा रिछारिया ने लिया सन्यास

**अब स्वामी हर्षानंद गिरि के नाम से जानी जाएंगी, पिंडदान के साथ त्यागा पिछला जीवन**

**उज्जैन।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, कंटेंट क्रिएटर और मॉडल हर्षा रिछारिया ने रविवार को अक्षय तृतीया पर संन्यास ले लिया। उन्हें उज्जैन के मौनी तीर्थ आश्रम में पंचायती निरंजनी अखाड़ा के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज ने संन्यास दीक्षा दी। संन्यास परंपरा के अनुसार, उन्हें शिखा और दंड त्याग की विधि कराई गई। साथ ही तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म भी कराए गए, जो पूर्व जीवन के त्याग और नए आध्यात्मिक जीवन की शुरुआत का प्रतीक माने जाते हैं।

धार्मिक अनुष्ठानों के बाद हर्षा रिछारिया ने संन्यास ग्रहण किया और



उन्हें नया नाम स्वामी हर्षानंद गिरि दिया गया। इस मौके पर स्वामी हर्षानंद गिरि ने कहा कि यह उनके जीवन का नया अध्याय है। उन्होंने गुरुदेव के मार्गदर्शन में संन्यास का मार्ग अपनाया है और संकल्प लिया है कि वे अपना जीवन धर्म, संस्कृति और समाज की सेवा में समर्पित करेंगी और संन्यास की मर्यादा का पालन करेंगी। महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज ने कहा- संन्यास दीक्षा एक गहन और अनुशासित प्रक्रिया है। इसमें व्यक्ति अपने पूर्व जीवन का त्याग कर आध्यात्मिक पथ पर चलता है। मेरा सभी संन्यासियों से यही आग्रह रहता है कि वे संन्यास की गरिमा को कभी कलंकित नहीं होने दें। एक संन्यासी के आचरण का प्रभाव पूरे समाज और संन्यास परंपरा पर पड़ता है, इसलिए विधि-विधान और मर्यादा का पालन अत्यंत आवश्यक है।

रिछारिया का परिवार मूलतः था उत्तर प्रदेश के झांसी का रहने वाला है। उनके पिता दिनेश बस कंडक्टर और मां किरण रिछारिया बुटीक चलाती हैं। एक भाई कपिल है जो प्राइवेट जॉब करता है।

# महिला आरक्षण बिल को अविलंब लागू करे केंद्र सरकार: आरती शिवहरे

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**धौलपुर/बाड़ी।** जिलाध्यक्ष, महिला कांग्रेस, धौलपुर आरती शिवहरे ने केंद्र सरकार से वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण बिल को बिना किसी देरी के तत्काल प्रभाव से लागू करने की पुरजोर मांग की है।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार इस ऐतिहासिक बिल को लेकर केवल औपचारिकता निभा रही है। यदि सरकार वास्तव में महिला सशक्तिकरण के प्रति गंभीर है तो लोकसभा की 543 सीटों में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर बिल को तत्काल लागू किया जाए। इससे देश की महिलाओं को राजनीति में समान भागीदारी का वास्तविक अवसर प्राप्त होगा। आरती शिवहरे ने कहा कि सरकार परिसीमन को बहाना बनाकर इस मुद्दे को



अनावश्यक रूप से विवादित कर रही है और विपक्ष की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रही है। लेकिन देश की जागरूक महिलाएं अब सरकार की वास्तविक मंशा को समझ चुकी हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि बढ़ती महंगाई का सबसे गहरा असर महिलाओं पर पड़ रहा है। घर का बजट संभालते-संभालते महिलाएं आर्थिक और मानसिक रूप से दबाव में आ रही हैं। महिला आरक्षण बिल के लागू होने से न केवल महिलाओं को न्याय मिलेगा, बल्कि लोकतंत्र में उनकी भूमिका भी और सशक्त होगी। अंत में उन्होंने कहा कि सरकार को महिला सशक्तिकरण के नाम पर केवल भाषण न देकर धरातल पर ठोस कदम उठाने चाहिए। देश की आधी आबादी को उनके संवैधानिक अधिकार से वंचित रखना लोकतंत्र के मूल्यों के विरुद्ध है।

# पूजा-अर्चना के साथ मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/जौरा।** नगर में ब्राह्मण समाजसेवियों द्वारा भगवान परशुराम के जन्म को भक्ति भाव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया भगवान परशुराम के जन्म दिवस पर सनाढ्य ब्राह्मण महासभा जौरा द्वारा ब्राह्मण धर्मशाला में एकत्रित होकर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर प्रसादी भी वितरित की गई। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक पंकज उपाध्याय, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कमलेश दुबे, पूर्व अध्यक्ष जगदीश शुक्ला एवं प्रमोद शर्मा, शिव कुमार शर्मा एडवोकेट, अन्ना रोहित शर्मा, पवन कटारे, वरिष्ठ समाजसेवी केशव शर्मा, प्रमोद शर्मा, अर्पित पाराशर, ललित पाराशर, ऋषि पाराशर, दिनेश शर्मा एडवोकेट, महावीर शर्मा, वकील शर्मा, कुलदीप शर्मा, सोनू शर्मा, सचिन स्वामी सहित अन्य समाजसेवी भी उपस्थित रहे, वहीं भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी के जन्मोत्सव पर वरिष्ठ पत्रकार वृंदावन लाल शर्मा, जेपी पाराशर, चंद्र मोहन शर्मा एडवोकेट, अशोक कुमार दुबे, अरविंद पाराशर, समाजसेवी मीनू पाराशर, रुद्र दुबे, संतोष कुमार शर्मा सहित अन्य ब्राह्मण समाजसेवियों ने भी भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को भक्ति भाव श्रद्धा पूर्वक मनाया। इसी अवसर पर एमएस रोड नीवरी स्थित भगवान परशुराम मंदिर में भी प्रातः से ही भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भारी भीड़ पूजा अर्चना करते हुए देखी गई।





# राज्य सेवा एवं वन राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर के निर्देशानुसार राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 दिनांक 26 अप्रैल 2026 (रविवार) को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 02:15 बजे से 04:15 बजे तक जिला मुख्यालय मुरैना के 08 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर परीक्षा के नोडल एवं डिप्टी कलेक्टर श्री अरविन्द कुमार माहौर ने बताया कि 8 परीक्षा केन्द्रों पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है। जिनमें शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज अंबाह रोड़ बड़ोखर के लिए तहसीलदार मुरैना उमेश अवस्थी, शासकीय जी.डी. जैन हायर सेकेण्डरी स्कूल मुक्तिधाम रोड़ बड़ोखर के लिए प्रभारी तहसीलदार मुरैना सुश्री ज्योति लाक्षाकार, शासकीय बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल क्रमांक 02 पानी की टंकी के पास गणेशपुरा के लिए नायब तहसीलदार मुरैना श्रीमती मोहिनी साहू, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल क्रमांक 01 मुरैना के लिए नायब तहसीलदार मुरैना श्रीमती रेखा कुशवाह, शासकीय एक्सीलेंस पीजी कॉलेज न्यू बिल्डिंग मुरैना के लिए प्रभारी तहसीलदार मुरैना आशीष यशवाल, शासकीय एमएलबी कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल गर्ल्स स्कूल रोड़ मुरैना के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार मुरैना हरिविलास बिसारिया, शासकीय आईटीआई एबी रोड टेकरी नूराबाद के लिए तहसीलदार बानमौर श्रीमती कल्पना कुशवाह और अशासकीय सेंट मेरी स्कूल एबी रोड़ पीपरीपुरा, मुरैना के लिए नायब तहसीलदार बानमौर राजेन्द्र मौर्य कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इनके अलावा सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती लक्ष्मी निगम और नायब तहसीलदार बानमौर आनंद यादव को रिजर्व दल में नियुक्त किया है।

# श्योपुर में 134, कराहल में 63 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण योजना है: सांसद

*** योजना के तहत 49-49 हजार राशि के चौक उपहार स्वरूप दिये गये * सांसद सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी रहे मौजूद**





**श्योपुर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज जनपद एवं नगर पालिका परिषद श्योपुर के संयुक्त तत्वाधान में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला के मार्गदर्शन में श्योपुर स्थित हैवी मशीनरी टीनशैड में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। श्योपुर में सांसद शिवमंगल सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन में 134 जोडे परिणय सूत्र में बंधे, जिसमें जनपद पंचायत श्योपुर के 109, नगरपालिका श्योपुर के 17 एवं नगरपरिषद बडौदा के 08 जोडे शामिल रहें। इसी प्रकार जनपद पंचायत कराहल के तत्वाधान में पनवाडा माता मंदिर परिसर में आयोजित विवाह सम्मेलन में 63 जोडो ने फेरे लिये। राज्य शासन की योजना के तहत वर-वधु को 49-49 हजार रूपये की राशि के चौक उपहार स्वरूप प्रदान किये गये।

क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने मुख्य अतिथि के रूप में दिये अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना एक सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण योजना है, जिसका हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। शासन द्वारा न केवल विवाह के प्रबंध किये जा रहे है बल्कि नवविवाहित जोडो को अपनी गृहस्थी शुरू करने के लिए 49 हजार रूपये की उपहार राशि भी दी जा रही है।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने कहा कि शासन की मंशानुरूप मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत श्योपुर जिले में विभिन्न तिथियों पर सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज श्योपुर और कराहल में सम्मेलन आयोजित हुए है, इस दौरान उन्होंने सभी नवविवाहित जोडो को शुभकामनाएं दी।

भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण ने इसे शासन की महती योजना बताते हुए कहा कि अब बेटियों के हाथ पीले करने में हर वर्ग को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार द्वारा अनेको कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। आज श्योपुर में 134 कन्याओं के हाथ पीले हुए है, यह एक पुण्य का कार्य है, जिले में आगामी तिथियों में भी विवाह सम्मेलन आयोजित होंगे।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने कहा कि योजना के तहत जनपद और निकाय स्तर पर विवाह सम्मेलन आयोजित किये जा रहे है, अक्षय तृतीया के उपरांत 01 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भी सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही आगामी निर्धारित तिथियों में भी सम्मेलन आयोजित होंगे।

जनपद अध्यक्ष श्रीमती रीना आशीष मीणा ने कहा कि जनपद पंचायत के तत्वाधान में सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसका लाभ आम वर्ग को मिला है। इसी प्रकार के सम्मेलन आगामी तिथियों में भी आयोजित होंगे, जिसके लिए पंजीयन कराकर लाभ ले सकते है।

हैवी मशीनरी टीनशैड में आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन के दौरान कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना आशीष मीणा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाशनारायण गुप्ता एवं रामलखन नापाखेडली, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गर्ग, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सरोज तोमर, भाजपा जिला महामंत्री संजय अकोदिया, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र मीणा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी बैरवा, सुजीत गर्ग, एसडीएम गगन सिंह मीणा, तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा, एसडीओ श्रीमती मधु जाटव आदि उपस्थित थे।

सामुहिक विवाह सम्मेलन में गायत्री परिवार द्वारा वैदिक रीति से सभी जोडो का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर वर एवं वधु पक्ष के परिजन भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले लोगों के लिए भोजन, पानी, छाया आदि की पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई थी।

# सभी को प्रेरित करें स्व गणना के लिए: माहौर

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** जनगणना कार्य के तहत स्व गणना की प्रक्रिया 16 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। ऐसा कहना है जिला जनगणना अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरविंद सिंह माहौर का। जिला जनगणना अधिकारी का आमजनों से कहना है कि इस बार की जनगणना आधुनिक तकनीक के साथ हो रही है। सभी जिलेवासी इसमें पूर्ण निष्ठा एवं सत्यता के साथ भाग ले यह जनगणना भविष्य में बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए भी है इसलिए पूरी ईमानदारी के साथ इसमें भाग भी ले सहयोग भी करें। जिला जनगणना अधिकारी अरविंद सिंह का यह भी आमजनों से अनुरोध है कि आप सभी इसको दी गई लिंक पर शेयर कर अपने परिवार की स्व गणना का कार्य मात्र 5 मिनट की प्रक्रिया में भी पूरा कर सकते हैं। यह शासन की तरफ से जनकल्याण की दिशा में नीति निर्धारण के लिए है, जिसमें सभी आमजनों का सहयोग भी जरूरी है। जिला जनगणना अधिकारी का यह भी कहना है कि जनगणना सिर्फ आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि राष्ट्र की भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम भी है। इसमें प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है की जनगणना में सही एवं सटीक और पूर्ण जानकारी दें। जनगणना में लगे कर्मचारी अधिकारी राष्ट्र निर्माण का पवित्र कार्य कर रहे हैं इस पवित्र कार्य में सबसे अहम सहयोग आमजनों का भी है।

## गेहूं उपार्जन अंतर्गत जिला स्तरीय कन्ट्रोलरूम स्थापित

**श्योपुर।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर की जा रही गेहूं खरीदी के सुचारू संचालन एवं प्रभावी निगरानी के लिए जिला स्तरीय कन्ट्रोलरूम स्थापित किया गया है। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर 9131000027 पर प्राप्त होने वाली तकनीकी एवं अन्य समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जायेगा। कन्ट्रोलरूम में जिला सूचना अधिकारी शुभम नवानी एनआईसी, सहायक सूचना अधिकारी महेश कुशवाह एनआईसी, सहायक आपूर्ति अधिकारी सुनीलदत्त शर्मा फूड विभाग, सहायक ग्रेड-3 हर्ष मित्तल फूड विभाग, कनिष्ठ सहायक चन्द्रप्रकाश शर्मा नागरिक आपूर्ति निगम को नियुक्त किया गया है।

# कलेक्टर एवं सांसद की सौजन्य भेंट





**श्योपुर।** क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर एवं जिले की नवागत कलेक्टर सुशी शीला दाहिमा द्वारा सौजन्य भेंटकर जिले के विकास के संबंध में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, एडिशनल प्रवीण भूरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, सुजीत गर्ग आदि उपस्थित रहें।

जिले की नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा एवं क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने सौजन्य भेंट कर जिले के विकास के संबंध में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

# विपक्ष के लिए घातक सिद्ध होगी नारी शक्ति वंदन से दगाबाजी



**-डॉ. राघवेंद्र शर्मा-**

नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करके विपक्ष ने फिलहाल महिलाओं के 33% आरक्षण में रोड़ा अटका दिया है। यह बड़े खेद की बात है कि आजादी के 80 साल बाद देश को नरेंद्र मोदी के रूप में ऐसे पहले प्रधानमंत्री मिले, जिन्होंने महिलाओं को उनका हक दिलाने का बीड़ा उठाया है। इससे पहले तो कांग्रेस शासित सरकारों में महिलाओं के हित की केवल बातें होती रही हैं। लेकिन जब नरेंद्र मोदी सत्ता में आए तो उन्होंने आते ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना लागू की। इसके बाद सुकन्या समृद्धि योजना बनाई। फिर महिलाओं को धुएं से बचाने के लिए उज्ज्वला योजना लागू की। इंद्रधनुष योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और गर्भस्थ शिशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की। पीएम मातृ वंदना योजना के माध्यम से कामकाजी गर्भवती महिलाओं को आर्थिक संबल दिया, उनके स्वास्थ्य और पोषण की चिंता की। अब महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का संकल्प सामने है। यह संकल्प पूरा तो अवश्य होगा। क्योंकि श्री मोदी संसद के दोनों सदनों में इस विधेयक को 2023 में ही पारित करा चुके हैं। उनकी प्रबल इच्छा है कि देश की लोकसभा में महिलाओं का 33% आरक्षण आगामी आम चुनाव में 2029 से लागू हो जाए। जाहिर है इसके लिए सरकार को संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता होती है। अपनी इस मंशा को लेकर जब सरकार द्वारा विशेष लोकसभा सत्र आहूत किया गया तो विपक्ष दगा दे गया। जब विधेयक संशोधन को लेकर मतदान हुआ तो बेशक बढ़त भाजपा नीत एनडीए सरकार को ही मिली। लेकिन दो तिहाई बहुमत न होने से महिलाओं का 33% आरक्षण लागू नहीं हो पाया। विपक्ष का यह कृत्य एक प्रकार से महिलाओं के नैसर्गिक अधिकारों पर सार्वजनिक डाका है, इससे कम कुछ नहीं। हालांकि विपक्ष की ओर से कुतर्क यह दिए जा रहे हैं कि महिला आरक्षण के साथ परिसीमन और जनगणना की बात क्यों की जा रही है। जबकि जनगणना और परिसीमन की विधि सम्मत अवधि देश के सम्मुख है तो फिर इससे बचने का क्या मतलब रह जाता है ? उस पर तुर्रा यह कि विपक्ष लोकसभा की वर्तमान 540 सीटों पर ही महिलाओं को आरक्षण देने की जिद पर अड़ा हुआ है। यह जानते हुए भी कि लोकसभा में जनप्रतिनिधियों की संख्या सीमित रह जाने से आम आदमी की भावनाओं को वह बुलंद आवाज नहीं मिल पाएगी, जिसकी वर्तमान लोकतंत्र को आवश्यकता है। इससे महिलाएं भी कम संख्या में ही लोकसभा पहुंच पाएंगी। यही कारण है कि सरकार महिला आरक्षण के साथ ही जनगणना और परिसीमन की औपचारिकता पूरी कर लेना चाहती है। इससे लोकसभा में जनप्रतिनिधियों की संख्या बढ़ेगी। उसी अनुपात में महिलाओं की उपस्थिति भी बढ़ जाएगी। सरकार का यह पक्ष भी काबिले गौर है कि यदि 540 सीटों के हिसाब से आरक्षण लागू किया गया तो जिन वर्तमान सांसदों के टिकट कटेंगे, वह अपने घर परिवार की महिलाओं को टिकट देने का दबाव अपने-अपने राजनीतिक दलों पर डालेंगे। इससे परिवारवाद को बढ़ावा मिलेगा और राजनीति में सक्रियता से भागीदारी निभा रहीं राजनीतिक प्रतिभाएं अधिकारों से वंचित रह जाएंगी। विपक्ष का यह दावा भी हवा हवाई ही है कि जनगणना और परिसीमन संपन्न हुए तो दक्षिणी प्रांतों की नुमाइंदगी लोकसभा में कम रह जाएगी। इस आशंका का इसलिए आधार नजर नहीं आता क्योंकि सदन के पटल पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री श्री अमित शाह स्पष्ट घोषणा कर चुके हैं कि अनुपात की दृष्टि से दक्षिण भारतीय प्रांतों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इसके बाद भी विपक्ष देश को उत्तर और दक्षिण के नाम पर बांटने का कुचक्र रचता है तो फिर उनकी इस सोच को लेकर केवल अफसोस ही व्यक्त किया जा सकता है। सही बात तो यह है कि विपक्ष में चाहे बंगाल की तृणमूल कांग्रेस हो, तमिलनाडु की द्रविड़ मुनेत्र कषगम हो, केरल के वामपंथी अथवा कांग्रेसी हों, सबको महिलाओं के 33% आरक्षण में अपनी हार दिखाई दे रही है। ये जानते हैं कि महिलाओं के हित में मोदी सरकार ने जितने निर्णय लिए हैं वह अपने आप में कीर्तिमान हैं। अब यदि 33% आरक्षण भी इसी सरकार द्वारा लागू किया गया तो संभव है देश की माता बहनें भाजपा को आशीर्वाद देने का स्थाई मन ही बना लें। ऐसे में विपक्ष की जो दुर्गति बनेगी इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। बस यही वो डर है, जिसके चलते जनगणना, परिसीमन, जाति गणना, ओबीसी जैसे मुद्दों की आड़ में महिला आरक्षण को रोकने की जद्दोजहद देखने को मिल रही है। किंतु जनता समझदार है। वह सब देख और समझ रही है। आज नहीं तो कल सही, महिलाओं को 33% आरक्षण तो मिलकर ही रहेगा। क्योंकि यह भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है, मोदी सरकार इसे हर हाल में पूरा करके रहेगी। यह लिखना भी गलत नहीं होगा कि नारी शक्ति वंदन से विपक्ष की दगाबाजी उसके लिए भविष्य में घातक सिद्ध होने वाली है।

# 33 केन्द्रों के माध्यम से गेहूं उपार्जन कार्य जारी

**श्योपुर।** कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य जारी है। श्योपुर जिले में 33 सहकारी समितियों के माध्यम से गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। जिले में 18 हजार 74 किसानों ने शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2625 रूपये पर गेहूं विक्रय करने के लिए पंजीयन कराया है। 33 सोसायटियों में से 27 सोसायटियों द्वारा वेयरहाउस एवं गोदाम स्तर पर खरीदी जा रही है, 6 समितियां अपने-अपने सेंटरों पर खरीदी का कार्य कर रही है।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी फूड विभाग विजय शाक्य ने बताया कि जिले के सभी केन्द्रों पर गेहूं खरीदी सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से जारी है, गेहूं खरीदी केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, छाया इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि गेहूं उपार्जन नीति अंतर्गत निर्धारित मानको के अनुरूप गेहूं खरीदी का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि ओलावृद्धि से प्रभावित क्षेत्रों की सर्वे रिर्पाट के आधार पर राज्य शासन द्वारा भेजे गये प्रस्ताव पर केंद्र सरकार द्वारा 50 प्रतिशत चमक विहीन गेहूं खरीदने के लिए अनुमति प्रदान की गई है, इस संबंध में राज्य स्तर से अनुमति प्राप्त होते ही 50 प्रतिशत चमक विहिन गेहूं की खरीदी का कार्य सेंटरों पर शुरू कर दिया जायेगा, वर्तमान में निर्धारित मानक के अनुरूप गेहूं की खरीदी का कार्य संचालित है।

डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य ने बताया कि शासन के नीति और निर्देश अनुसार सीमांत किसानों की स्लॉट बुकिंग एसएमएस के माध्यम से पोर्टल पर दर्ज हो रही है। उपार्जन नीति में 2 हेक्टयर तक के किसानों को प्राथमिकता दिये जाने के निर्देशो के अनुरूप छोटे किसानों की स्लॉट बुकिंग का कार्य पोर्टल पर हो रहा है तथा उनका गेहूं खरीदा जा रहा है। लगभग 4 हजार छोटे किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया था, लगभग ऐसे सभी किसानों की स्लॉट बुकिंग का कार्य पूरा हो गया है, अब अन्य किसानों की स्लॉट बुकिंग हो सकेंगी।

जिले के उपार्जन केंद्रों पर अब समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी संशोधित मानकों के आधार पर की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक किसान समर्थन मूल्य योजना का लाभ उठा सकें। राज्य शासन के अनुरोध पर केंद्र सरकार द्वारा दी गई शिथिलता के अनुसार छूट के मापदंड इस प्रकार हैं-

चमक विहीन गेहूं - अब 50 प्रतिशत तक चमक विहीन गेहूं स्वीकार्य होगा। सिकुड़े एवं टूटे दाने - इसकी सीमा बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दी गई है। क्षतिग्रस्त एवं आंशिक क्षतिग्रस्त दाने- दोनों को मिलाकर अधिकतम 6 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की गई है।

## हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**श्योपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी की द्वितीय परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्य परीक्षा में एक या अधिक विषयों अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहें छात्र इस द्वितीय परीक्षा में भाग लेने के लिए 22 अप्रैल तक अपने आवेदन कर सकते है। जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन ने बताया कि हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा का आयोजन 07 मई 2026 से 19 मई 2026 तक तथा हायर सेकेंडरी परीक्षा का आयोजन 07 मई 2026 से 25 मई 2026 तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। ऐसे छात्र एवं छात्राएं जो मुख्य परीक्षा में एक या अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहे हैं, वे द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

# ग्वालियर में पारा 42 डिग्री पार, 2026 में पहली बार

## हवा में लू जैसा एहसास, 8 दिन से लगातार बढ़ रहा दिन का तापमान

**शैलेन्द्र शर्मा**



**ग्वालियर।** ग्वालियर में भीषण गर्मी का असर दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। रविवार को दिन का पारा 42 डिग्री पार हो गया। यह इस सीजन और वर्ष 2026 में अब तक का सर्वाधिक तापमान दर्ज हुआ है। वर्ष 2025 को छोड़कर अप्रैल महीने में पहली बार दिन का तापमान 42 डिग्री पर पहुंचा है। खैरियत यह रही कि रविवार को दोपहर में हल्के बादलों की आमद हो गई वरना तापमान और ऊपर जाने की संभावना थी। अचानक बड़े तापमान की वजह से रविवार को सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। वही लोग लू से बचने के लिए चेहरे पर कपड़ा बांधकर निकले। साथ ही दोपहर के समय बाजारों में भी कम रौनक देखी गई। लोग विशेष कार्य के चलते ही घरों से बाहर निकले।

मौसम विशेषज्ञों की माने तो रविवार को हीट वेव अलर्ट जारी किया गया था, लेकिन रविवार को विशेष कर दोपहर के समय बादल आने से सूरज के तेवर नरम हो गए। अब फिर से 25 अप्रैल को हीट वेव चलने की संभावना बन रही है। तथा आगामी दो दिन कुछ राहत भर रहेंगे। दिन के तापमान में भी हल्की गिरावट दर्ज होगी। यहां बता दें कि रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक दर्ज हुआ। खास बात यह रही कि बीते एक सप्ताह से लगातार दिन का तापमान बढ़ रहा है और दोपहरी के चार घंटे झुलसने वाली गर्मी का एहसास हो रहा है, यही असर रविवार को भी देखने को मिला।

### सूरज के तेवर तल्ख पारे में आया उछाल

रविवार को भी सुबह से तीखी धूप के साथ शुरुआत हुई। जबकि सुबह 10 बजे धूप असहनीय हो गई और दोपहर होने से पहले ही सूरज दादा के तेवर इतने तल्ख हो गए की झुलसने वाली गर्म हवाओं का सामना करना पड़ा।

### दिन के पारे में उछाल रात का तापमान लुढ़का

बीते दिन शनिवार को अधिकतम तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस आंका गया था और यह सामान्य से 2.9 डिग्री सेल्सियस अधिक था। जबकि रविवार को 0.5 अंक बढ़कर अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ। इसी तरह बीते दिन शनिवार को न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस आंका गया था जबकि रविवार को 0.5 अंक घटकर रविवार को न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस अधिक आंका गया। रविवार को सुबह की आर्दता 52 प्रतिशत तथा शाम की आद्रता 56 प्रतिशत आंकी गई।

### आने वाले दिनों में मौसम पर नजर

भोपाल मौसम वैज्ञानिक डी अरुण शर्मा के मुताबिक ग्वालियर अंचल में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। हालांकि हवाएं और बादलों की वजह से मिला-जुला असर रहेगा। दो-तीन दिन बाद फिर से ग्वालियर में हीट वेव चलने की स्थिति बन रही है। फिलहाल मौसम मौसम शुष्क और सामान्य रहेगा।

# गर्मी शुरू होते ही बरई के जंगल में लगी आग

## सबरेंज प्रभारी मौके पर नहीं पहुंचे



**ग्वालियर।** गर्मी का सीजन शुरू होते ही रायपुर सबरेंज के अंतर्गत आने वाले बरई गांव के जंगल मिलिट्री ग्रास बीट रायपुर में रविवार को आग लग गई। बढ़ते तापमान और सूखी पत्तियों के कारण आग तेजी से फैली। दो जगह अलग-अलग क्षेत्र में आग से लगभग दो हैक्टेयर जंगल को नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों और चौकीदार के अनुसार आग बुझाने की कार्रवाई के दौरान सबरेंज प्रभारी संजय रैकवार मौके पर नहीं पहुंचे। बीट गार्ड ने बताया कि साहब रेंज के किसी अन्य काम से गए हुए थे इसलिए आग पर शुरुआती काबू पाने में देरी हुई। बाद में फायर वॉचर और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस कार्रवाई में पनिहार पुलिस का भी सराहनीय योगदान रहा। थाना प्रभारी और दलबल के सभी लोग आग बुझाने के लिए खुले आसमान के नीचे जंगल में डटे रहे और आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया गया। यही वजह रही कि आदिवासियों के झुग्गी झोपड़ियां तक आग पहुंचने से पहले ही जंगल की आग पर काबू पा लिया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग में झाड़ियां, घास फूंस तथा वन तुलसी जैसे पौधे जले हैं। गनीमत रही कि आग आबादी वाले इलाके तक नहीं पहुंची। फिलहाल वन्यजीवों के नुकसान की अभी पुष्टि नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि तापमान 42 डिग्री के पार चल रहा है। वन तुलसी के सूखे पत्ते जमीन पर बिछे हैं। आशंका है कि किसी की लापरवाही या अन्य चिंगारी से आग भड़की होगी। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फायर सीजन को देखते हुए सभी रेंज अलर्ट पर हैं। बरई रायपुर सबरेंज की घटना की जांच कराई जाएगी कि सूचना मिलने के बाद रिस्पॉन्स टाइम में देरी क्यों हुई?

### वन विभाग ने जंगल बचाने ग्रामीणों से की अपील

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल में आग दिखते ही तुरंत 1926 टोल-फ्री नंबर या नजदीकी बीट गार्ड को सूचना दें। गर्मी में एक चिंगारी भी सैंकड़ों हेक्टेयर जंगल खत्म कर सकती हैं।

# दर्शन कर लौट रहे अकाउंटेट का स्कूटर सवार बदमाशों ने मोबाइल लूटा



**ग्वालियर।** कोटेश्वर मंदिर से दर्शन कर लौट रहे अकाउंटेंट से रविवार सुबह स्कूटर सवार तीन बदमाश झपट्टा मारकर मोबाइल फोन लूट ले गए। वारदात बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में लिटिल फ्लॉवर स्कूल के सामने की है। लूट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक सदाशिव नगर बहोड़ापुर निवासी 53 वर्षीय हरीश कुमार शर्मा सेंट्रल लाइब्रेरी में अकाउंटेंट हैं। वे रोजाना मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं और कोटेश्वर मंदिर में दर्शन कर पैदल घर लौटते हैं। रविवार को भी वे इसी क्रम में कोटेश्वर मंदिर में दर्शन कर वापस घर आ रहे थे, तभी लिटिल फ्लॉवर स्कूल के सामने पीछे से स्कूटर पर सवार तीन युवक आए और झपट्टा मारकर उनका मोबाइल लेकर फरार हो गए। अचानक हुई इस वारदात से हरीश कुमार कुछ समझ नहीं पाये, हालांकि होश आने पर उन्होंने शोर मचाया, लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस लुटेरों का सुराग लगाने के लिए इलाके के सीसीटीव्ही कैमरों की जांच कर रही है। पीड़ित के अनुसार, तीनों आरोपी 18 से 25 वर्ष की उम्र के होंगे और वारदात के बाद संत कृपाल आश्रम की ओर भागे है। बहोड़ापुर थाना प्रभारी आलोक सिंह परिहार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# शादी में जा रही महिला के ई-रिक्शा से 5 लाख के गहने चोरी



**ग्वालियर।** शादी में जा रही एक महिला के पर्स से 5 लाख रुपए से अधिक कीमत के गहने ई-रिक्शा से चोरी हो गये। महिला अपने पिता के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए गोला का मंदिर से पुरानी छावनी जा रही थी। रास्ते में ई-रिक्शा में सवार एक संदेही महिला चोर ने मौका पाकर पर्स की चेन खोलकर जेवर पार कर दिए। घटना 16 अप्रैल की शाम करीब 4.30 बजे की है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले, जिसमें संदेही महिला यादव धर्मकांटा पर उतरकर पैदल जाते हुए नजर आई है। पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है।

थाटीपुर निवासी 28 वर्षीय रीना जाटव अपने पिता लोकेन्द्र सिंह जाटव के साथ पहले टेंपो से गोला का मंदिर चौराहे तक पहुंची, जहां से दोनों नीले रंग के ई-रिक्शा में सवार हुए। कुछ दूरी बाद एक अन्य महिला भी ई-रिक्शा में बैठी और रीना के पास आकर बैठ गई। रास्ते में जब-जब ई-रिक्शा गड्ढों से गुजरा, संदेही महिला पर्स पर हाथ साफ करती रही और यादव धर्मकांटा के पास उतर गई। पुरानी छावनी पहुंचने पर रीना ने पर्स की चेन खुली देखी तो घटना का पता चला। जांच करने पर उसमें रखे करीब 5 लाख रुपए के सोने के गहने और करीब 150 ग्राम चांदी के जेवर गायब मिले। महिला ने शोर मचाया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के बाद पुरानी छावनी थाना पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज कर लिया है और संदेही महिला की तलाश की जा रही है।

रीना ने बताया कि ई-रिक्शा जिस रास्ते से जा रहा था, वहां सड़क काफी खराब थी। जब भी पहिया गड्ढे में पड़ता, पास बैठी महिला झटके के साथ उन पर गिर जाती थी। इसी दौरान उसने हैंड बैग की चेन खोलकर गहनों वाला पर्स निकाल लिया और यादव धर्मकांटा पर उतरकर फरार हो गई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले, जिसमें संदेही महिला यादव धर्मकांटा पर उतरकर पैदल जाते हुए नजर आई है। पुरानी छावनी थाना पुलिस ने महिला के पर्स से सोने-चांदी के जेवर चोरी होने का मामला दर्ज कर लिया है।

# जीआरपी थाना प्रभारी पर मारपीट का आरोप

**ग्वालियर।** दो वेंडरों ने नैरोगेज के जीआरपी थाना प्रभारी पर मारपीट का आरोप लगाया है। जीआरपी ने इतनी बेरहमी से पीटा है कि दोनों को देर रात हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पीठ पर बेल्ट व लातों के निशान उभर आए हैं। वेंडर अमित धाकरे ने कहा कि 15 दिन से थाना प्रभारी पैसे देने का दबाव डाल रहे थे, नहीं दिए तो उन्होंने अपने सिपाहियों के साथ मिलकर बेरहमी से पीटा।

मारपीट की इस घटना के बाद से हंगामा मचा हुआ है और जीआरपी एनजी थाना प्रभारी जितेन्द्र चंदेरिया ने पूरे मामले से अनभिज्ञता जताई। उनका कहना था कि मामला ब्रॉडगेज जीआरपी थाने का है। घटना के बाद से वेंडरों में काफी आक्रोश है। ग्वालियर में आरके कंपनी की किचन में काम करने वाले वेंडर अमित धाकरे पुत्र विजय सिंह धाकरे और राघव सिंह ने बताया कि शनिवार रात को वह बिलासपुरा राजधानी एक्सप्रेस में ऑर्डर पर खाना सप्लाई करने के लिए गए थे। तभी जीआरपी के स्टाफ ने उनको रोक लिया और थाने ले जाकर मारपीट की।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**ग्वालियर।** पत्नी से विवाद के कारण मानसिक तनाव में चल रहे एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना हजीरा थाना क्षेत्र के नहर रोड गदाईपुरा की है। युवक के फांसी के फंदे पर लटकने का पता चलते ही परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हजीरा थाना क्षेत्र के गदाईपुरा नहर रोड निवासी 28 वर्षीय मोनू उर्फ कृष्णकांत शर्मा पुत्र रामवीर शर्मा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना का पता उस समय चला जब परिजन कमरे में पहुंचे तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। मोनू को फंदे पर देखकर परिजनों ने शोर मचाया तो अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और उसे फंदे से उतारकर बिरला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले का पता चलते ही हजीरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है।

# अक्षय तृतीया पर हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन, 73 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**ग्वालियर।** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर डबरा स्थित मंडी प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्यादान व निकाह योजना के अंतर्गत विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। इस अवसर पर 73 जोड़ों ने अपने रीति-रिवाजों एवं निकाह की परंपराओं के अनुसार दाम्पत्य सूत्र में बंधन में बंधकर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। इन विवाहों में 67 हिंदू मान्यताओं के अनुसार व 4 विवाह बौद्ध परंपरा के अनुसार सम्पन्न हुए। साथ ही 2 निकाह भी इस आयोजन में हुए। कार्यक्रम में प्रदेश की पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रवेश गुर्जर ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद एवं सफल दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी ने कहा कि यह योजना सामाजिक सहयोग और संवेदनशीलता का सशक्त उदाहरण है, जो जरूरतमंद परिवारों के लिए सहारा बन रही है। आयोजन में हिंदू, बौद्ध एवं मुस्लिम परंपराओं का सम्मान करते हुए विवाह एवं निकाह की रस्में संपन्न कराई गईं। प्रशासन द्वारा की गई सुदृढ़ व्यवस्थाओं के बीच समारोह शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। नवदंपतियों ने एक-दूसरे का साथ निभाने का संकल्प लिया। जनपद पंचायत डबरा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती ऊषा शर्मा ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रति कन्या 55 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। जिसमें से 49 हजार रुपए की राशि सीधे नव दम्पत्तियों को उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही 6 हजार रुपए आयोजन की व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाते हैं।

# गांजा बेचते तस्कर दबोचा

**ग्वालियर।** गांजा बेच रहे एक तस्कर को उटीला थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोचा है। पकड़े गए तस्कर से पुलिस ने गांजा बरामद कर मामला दर्ज कर लिया है। अब पुलिस पकड़े गए तस्कर से पूछताछ कर पता लगा रही है कि वह गांजे की खेप कहां से लेकर आता है, जिससे उसके खिलाफभी कार्रवाई की जा सके। उटीला थाना प्रभारी नरेन्द्र सिसौदिया ने बताया कि लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि भदावना गुर्री रोड पर एक तस्कर गांजा बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ दबिश दी तो यहां पर एक तस्कर गांजा बेचते मिला। जिसे पकडकर तलाशी ली तो उसके पास से गांजा बरामद हो गया। पुलिस ने गांजा बरामद होते ही आरोपी को हिरासत में ले लिया और पूछताछ की तो उसकी पहचान विजय सैंथिया पुत्र रामप्रसाद सैंथिया उम्र 40 साल निवासी ग्राम भटपुरा उटीला के रूप में हुई।

# छात्र-छात्राओं ने शासकीय केन्द्रीय पुस्तकालय का भ्रमण किया



**ग्वालियर।** रामश्री किड्स स्कूल के 70 छात्र-छात्राओ ने महाराज बाड़ा स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी का भ्रमण किया। इस ग्रुप मे स्कूल का अन्य स्टाफभी शामिल रहा। पुस्तकालय का जीवन में क्या महत्व है, इसे कैसे उपयोगी बनाया जा सकता है और पुस्तकालय में किताबें किस प्रकार रखना चाहिए, इन सभी की जुड़ी जानकारी स्टूडेंट्स को देने के लिए केन्द्रीय पुस्तकालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भ्रमण के दौरान पुस्तकालय प्रबंधक विवेक कुमार सोनी ने छात्र-छात्राओं को पुस्तकालय में उपलब्ध डिजिटल सेवाओं और पुस्तकों से जुड़ी जानकारी दी, जिसमे पुस्तकालय में दी जाने वाली सूचना सेवा, आरएफआईडी गेट्स, बुक मानीटरिंग, कॉम्प्टीशन कॉर्नर, लैप्पीलैब, डिजीटल स्त्रोत, कम्प्यूटर लैब, किड्स जोन, इश्यू रिर्टन कियोस्क सहित पुस्तकालय में दी जाने वाली 40 प्रकार की सेवाओं के बारे में बताया। साथ ही पुस्तकालय की सदस्यता तथा इससे कैसे जुड़ा जा सकता हैं इसके बारे में बताया। इस अवसर पर ग्रंथपाल श्रीमती पूजा साहू, आकाश पाल, कमल चामड़िया आदि उपस्थित थे।

# सिम्स मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**ग्वालियर।** ग्वालियर प्राइड विद्यालय जटार रोड पर सिम्स मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा सुधीर गुप्ता एवं जिला महामंत्री भाजपा राजू पलैया ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर संजीव रावत, सिम्स अस्पताल के चिकित्सक, श्रीमती रंजना गुप्ता सहित विद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित थे। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

# वाहन चोर गिरोह बर्स्ट, तीन पकड़े, चोरी की तीन बाइकें बरामद

**ग्वालियर।** वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन चोर भितरवार थाना पुलिस के हाथ लगे है। पकड़े गए चोरों से पुलिस ने चोरी की तीन बाइक बरामद की है। पुलिस अब पकड़े गए चोरों से पूछताछ कर रही है। अफसरों का मानना है कि पकड़े गए चोरों से पूछताछ के बाद कुछ अन्य घटनाओं का पता चल सकता है।

एएसपी देहात जयराज कुबेर ने बताया कि सूचना मिली थी कि वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चोर बाधवई तिराहे पर आने वाले है। इसका पता चलते ही थाना प्रभारी भितरवार सुधीर सिंह कुशवाह और एसआई संजेश सिंह भदौरिया को चोरों को पकडने के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने बाधवई तिराहे पर दबिश देकर तीन संदेही दबोचे और थाने लाकर पूछताछ की तो उन्होंने वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया और पूछताछ के बाद पुलिस ने उनसे तीन चोरी की बाइक बरामद कर ली है। अब पुलिस उनसे पूछताछ कर अन्य वारदातों का पता करने में जुट गई है। पुलिस ने चोरों से बरामद बाइकों की जानकारी जुटाई तो पता चला कि बरामद बाइकें झांसी व डबरा से चोरी की गई है। इससे पुलिस का मानना है कि पकड़े गए चोरों से पूछताछ के बाद जिले की कुछ अन्य वारदातों का खुलासा हो सकता है।

# जनगणना के लिये तैनात प्रगणकों व सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण शुरू



**ग्वालियर।** जिले में जनगणना की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। स्व-गणना शुरू हो चुकी है। साथ ही जनगणना के लिए प्रगणकों एवं सुपरवाइजर को तीन सत्र में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस क्रम में 19 अप्रैल से प्रशिक्षण का दूसरा चरण प्रारंभ हो गया, जो कि 21 अप्रैल तक चलेगा ।

जिले में जनगणना के लिए तकरीबन 6 हजार कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग का रविवार से दूसरा सत्र प्रारंभ हो गया है। तृतीय चरण में 23 से 25 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। इन तीनों चरण के माध्यम से शतप्रतिशत प्रगणक व सुपरवाइजर प्रशिक्षित होंगे। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान के नेतृत्व में लगभग 6 हजार अधिकारी-कर्मचारी जनगणना-2027 के कार्य को अंजाम देंगे। इनमें लगभग 5 हजार प्रगणक व 829 पर्यवेक्षक, 41 चार्ज अधिकारी, 42 फील्ड ट्रेनर्स, 4 मास्टर ट्रेनर्स व 9 जिला स्तरीय अधिकारी शामिल हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिलेवासियों से अपील की है कि जनगणना के लिये आने वाले प्रगणकों को बेझिझक सही-सही जानकारी दें। आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतरू गोपनीय रहेगी।

# बजरंग भक्त मंडल ने की 1200 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा



**ग्वालियर।** परोपकार और भक्ति के संकल्प के साथ बजरंग भक्त मंडल द्वारा पिछले साढ़े छह वर्षों से निरंतर सेवा कार्यों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में इस सप्ताह मंडल द्वारा गौमाता को लगभग 1200 किलो हरे चारे (हरी कुटी) का भोग लगाया गया। साथ ही मंडल की मासिक परंपरा के अनुसार श्रीमती गरिमा गोयल के निवास पर भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी हुआ।

मंडल के अध्यक्ष आशीष मंगल ने बताया कि गौसेवा के इस पुनीत कार्य में के.के. राठी, अनिल गुप्ता, नमन अवस्थी, प्रमोद शर्मा, प्रसाद मुले, दीपाली शर्मा, आयुष संजीव दुबे, पूनम विनोद अग्रवाल, संतोष शिवहरे, दीपक शर्मा, राजीव जादौन, संजय श्रीवास्तव, राकेश बंसल का विशेष सहयोग रहा। गौसेवा के पश्चात मंडल के सदस्यों द्वारा श्रीमती गरिमा गोयल के निवास पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। इस अवसर पर सचिव राकेश मंगल, उपाध्यक्ष अमन गर्ग, कोषाध्यक्ष रामकिशोर मंगल, सहसचिव नमन अवस्थी, दीपक सिंघल, दीपक शर्मा, राजीव जादौन, संजय श्रीवास्तव, हरीश अग्रवाल, राकेश बंसल, सिद्धार्थ गुप्ता सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## पानी को रोकने की मिट्टी की क्षमता का पता लगाना एक वैज्ञानिक सफलता

**डॉ विजय गर्ग**

कृषि और जल संरक्षण में परिवर्तन लाने वाली एक उपलब्धि के रूप में, वैज्ञानिकों ने मिट्टी में एक छिपे हुए तंत्र का पता लगाया है जो प्राकृतिक ग्लू की तरह काम करता है, तथा शुष्क परिस्थितियों में भी पानी को बनाए रखने में मदद करता है। यह खोज इस बात पर प्रकाश डालती है कि मिट्टी किस प्रकार उपजाऊ रहती है तथा सूखे से निपटने और फसल उत्पादकता में सुधार के लिए आशाजनक समाधान प्रस्तुत करती है।

इस घटना के केंद्र में छोटे कार्बनिक पदार्थ हैं, मुख्य रूप से कार्बोहाइड्रेट और सूक्ष्मजीव यौगिक जो पौधों और मृदा सूक्ष्मजीवों द्वारा छोड़े जाते हैं। ये पदार्थ, जिन्हें अक्सर बायोपोलिमर कहा जाता है, एक चिपचिपा नेटवर्क बनाते हैं जो मिट्टी के कणों को एक साथ बांधता है। यह गोंद न केवल मिट्टी की संरचना को मजबूत करता है बल्कि इसके भीतर पानी को फंसाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

हाल के शोध से पता चलता है कि यह प्रक्रिया हाइड्रोजन बंधन के माध्यम से सूक्ष्म स्तर पर काम करती है, जो एक कमजोर लेकिन महत्वपूर्ण बल है जो जल अणुओं को मिट्टी के खनिजों (जैसे मिट्टी) और कार्बनिक यौगिकों दोनों से एक साथ जुड़ने की अनुमति देता है। ये अंतःक्रियाएं छोटे-छोटे जलसेतुओं का निर्माण करती हैं, जो नमी को अपने स्थान पर लॉक कर देती हैं, तथा उसे आसानी से वाष्पित होने से रोकती हैं।

वैज्ञानिकों ने पाया कि जब कार्बोहाइड्रेट मौजूद होते हैं, तो मिट्टी पानी को अपने आप से पांच गुना अधिक मजबूती से रोक सकती है। उच्च तापमान या शुष्क परिस्थितियों में भी, इन सूक्ष्म स्थानों में फंसा पानी स्थिर रहता है, जिससे यह पौधों के लिए लंबे समय तक उपलब्ध हो जाता है।

इस प्राकृतिक गोंद में एक और महत्वपूर्ण योगदान सूक्ष्मजीव गतिविधि है। मृदा बैक्टीरिया बाह्यकोशिकीय बहुलक पदार्थ (ईपीएस) के रूप में जाने वाले पदार्थ उत्पन्न करते हैं। यह शर्करा और प्रोटीन का जेल जैसा मिश्रण है। ये यौगिक मिट्टी के कणों के चारों ओर एक बायोफिल्म बनाते हैं, तथा उन्हें समुच्चय नामक समूहों में बांधते हैं। ये समुच्चय छोटे स्पंजों की तरह काम करते हैं, जो पानी को रोकते हैं और वाष्पीकरण के माध्यम से इसके नुकसान को धीमा कर देते हैं। वास्तव में, कुछ सूक्ष्मजीव अपने वजन से कई गुना अधिक पानी अवशोषित कर सकते हैं, जिससे मिट्टी की नमी का स्तर काफी बढ़ जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि क्यों स्वस्थ, जैविक तत्वों से भरपूर मिट्टी, क्षतिग्रस्त या रेतीली मिट्टी की तुलना में पानी को बेहतर ढंग से बरकरार रखती है। इस खोज के निहितार्थ दूरगामी हैं। इस प्राकृतिक गोंद को समझकर और बढ़ाकर, वैज्ञानिक और किसान यह कर सकते हैं

मिट्टी की उर्वरता और फसल उपज में सुधार, सिंचाई की आवश्यकता को कम करें, सूखे और मरुभूमिकरण से लड़ें, टिकाऊ कृषि को बढ़ावा दें

कार्बनिक पदार्थ जोड़ने, सूक्ष्मजीवों की वृद्धि को प्रोत्साहित करने, या यहां तक कि इन प्राकृतिक प्रक्रियाओं से प्रेरित पर्यावरण अनुकूल मृदा कंडीशनर विकसित करने जैसी तकनीकें किसानों को सीमित जल संसाधनों का बेहतर उपयोग करने में मदद कर सकती हैं।दशकों से, किसान और माली एक सरल नियम पर निर्भर रहे हैंः खाद या गोबर जैसे कार्बनिक पदार्थों को मिलाने से मिट्टी पानी को बेहतर ढंग से रोक सकती है। यद्यपि क्षेत्र में परिणाम स्पष्ट थे, लेकिन सटीक 'क्यों' अभी तक एक आणविक रहस्य बना हुआ है।

## होर्मुज का दबाव, संसद का टकराव, अंतरराष्ट्रीय तनाव के बीच देश का हाल

**एक चर्चक ने बताया कि नेतन्याहू का कहना है कि यह लड़ाई 'चिल्ड्रेन आफ लाइट' और 'चिल्ड्रेन आफ डार्कनेस' के बीच है, यह 'छद्म युद्ध' है। एंकर ने पूछा, किस ईश्वर ने 116 बच्चों की हत्या करने को कहा? एक विशेषज्ञ बोले, यह युद्ध 'क्रूसेड' बरक्स 'जिहाद' है...यह युद्ध 'इस्लाम' को जिताएगा, ऐसा कहना सही नहीं, अमेरिकी नेता 'राजनीतिक इस्लाम' को समझते ही नहीं। एक एंकर ने कहा, अमेरिका में कैथोलिक 46 फीसद हैं**




गरज बरस कर, ईरान को नुकसान पहुंचा कर अमेरिका निकल गया, लेकिन 'होर्मुज' की नाकेबंदी छोड़ गया। तब सारी दुनिया करे पुकार- होर्मुज खोलो, होर्मुज खोलो मेरे सरकार। इस गुहार को देख ईरान अकड़ता दिखा कि मैं तो तेल की हर बूंद पर शुल्क वसूलूंगा, जो देगा, वह तेल लेगा। दुनिया महसूस करे कि ये तो 'भयादोहन' है। इस दबाव में 'नाटो' टूटा, अमेरिका से उसका साथ छूटा, अंकल सैम गरियाए कि 'नाटो' का एक भी देश उनके साथ न आया।

फिर एक दिन अंकल सैम बने 'ईसा मसीह' करने दुनिया की 'चंगाई' और एक दिन पोप को ही खरी-खरी सुनाई। एक एंकर ने पूछा कि क्या बला है ये अंकल सैम? और खुद जवाब दियाः वे पटरी से उतरे हैं, उनकी जगह जेल है, वे 'विध्वंसक' हैं, पर अपने को 'मसीहा' समझतें है, लेकिन 'मसीहा' जैसा आचरण नहीं है। कहते हैं मैंने पोप को 'बनाया' अब पोप मुझे 'बना' रहे हैं।

एक चर्चक ने बताया कि नेतन्याहू का कहना है कि यह लड़ाई 'चिल्ड्रेन आफ लाइट' और 'चिल्ड्रेन आफ डार्कनेस' के बीच है, यह 'छद्म युद्ध' है। एंकर ने पूछा, किस ईश्वर ने 116 बच्चों की हत्या करने को कहा? एक विशेषज्ञ बोले, यह युद्ध 'क्रूसेड' बरक्स 'जिहाद' है...यह युद्ध 'इस्लाम' को जिताएगा, ऐसा कहना सही नहीं, अमेरिकी नेता 'राजनीतिक इस्लाम' को समझते ही नहीं। एक एंकर ने कहा, अमेरिका में कैथोलिक 46 फीसद हैं, अंकल सैम धर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस पर अमेरिकी मामलों के विशेषज्ञ बोले, गनीमत है कि अमेरिका के लोग अंकल सैम को गंभीरता से नहीं लेते। फिर खबर आई कि दुनिया में होती धुनाई देख अंकल सैम ने खुद को 'ईसा मसीह' दिखाने वाले पोस्टर हटाए।

एक दिन बिहार से खबर आई कि अगले मुख्यमंत्री भाजपा के सम्राट चौधरी बनेंगे, साथ में जद (एकी) के दो उपमुख्यमंत्री बनेंगे...और आश्चर्य कि सब बिना किसी विघ्न के निपट गया। फिर एक दिन 92 बरस की महान गायिका आशा भोसले का निधन हो जाता है और चैनल आशा जी को श्रद्धांजलि देने लग जाते हैं, उनका बचपन, उनकी गायकी, उनका संघर्ष, बहन लता के मुकाबले अपनी जगह बनाना और अनेक भाषाओं में 12 हजार से अधिक गानों का कीर्तिमान बनाना, उनकी यादें सब चैनलों पर दिखाई जाती रहीं।

फिर एक दिन 'नासिक' आधारित 'कार्पोरेट जिहाद' की नई कहानी ने दर्शक एवं श्रोताओं को चौंका दिया कि महिला कर्मियों को आठ लोगों द्वारा धर्मांतरण के लिए प्रेरित और मजबूर किया जाता था। एक पीड़िता ने बताया कि उसे किस तरह से धमकाया जाता था और पुलिस शिकायत तक नहीं सुनती थी। बहसों में विपक्ष के प्रवक्ता इस 'कार्पोरेट जिहाद' को नरम करते दिखते कि ये व्यवस्था की नाकामी है, पुलिस ने कई आरोपितों को गिरफ्तार किया।

मगर सबसे बड़ी खबर बनाई महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक को पारित कराने के लिए संसद के विशेष सत्र के आह्वान ने। साथ ही संसद के 'सीट परिसीमन'- 'समानुपातिक तरीके से सीट संख्या बढ़ाने के 'प्रस्ताव' ने! इस प्रस्ताव की खबर आते ही विरोध शुरू। इधर संसद सत्र का आगाज, उधर तमिलनाडु में संबंधित विधेयक की प्रति को सार्वजनिक रूप से जलाना और कहना कि ये दक्षिण के प्रति अन्याय है। द्रमुक प्रवक्ता कहते रहे कि दक्षिण की आबादी कम, उत्तर की ज्यादा... अगर जनसंख्या के आधार पर सीट संख्या तय होगी, तो दक्षिण के साथ अन्याय होगा, साथ ही विपक्ष के कुछ बडे नेता भी कूद पड़े कि इससे 'उत्तर-दक्षिण' का 'भेद' बढ़ेगा...।

बहसों में सत्ता प्रवक्ता बार-बार स्पष्ट करते रहे कि 'परिसीमन' में हर राज्य की कुल सीटों में पचास फीसद बढ़ोतरी होगी और इस फार्मूले से किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। जनसंख्या के हिसाब से बढ़ाएंगे, तो दक्षिण को नुकसान होगा, लेकिन इस फार्मूले से किसी को नुकसान नहीं होगा। संसद में प्रधानमंत्री ने किसी के भी साथ अन्याय न होने की गारंटी दी, फिर भी विपक्ष अड़ा रहा। जब जनसंख्या की बात निपट गई, तो कुछ कहें कि इतनी देर से क्यों लाए, तो कुछ कहें कि इतनी जल्दी क्या है? कुछ कहें कि कोटा में कोटा दो, तो कुछ कहें 543 में ही पचास फीसद अभी बढ़ा दीजिए। फिर एक विपक्षी नेता ने मुसलिमों के लिए आरक्षण की बात की, जिसका जवाब गृहमंत्री ने दिया कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं है।

प्रधानमंत्री ने संसद में विपक्ष को आश्वस्त करने की कोशिश की और कहा, 'किसी के प्रति भेदभाव नहीं होगा... इसकी वे गारंटी देते हैं, महिला आरक्षण नारी शक्ति का हक है। कुछ सोचते हैं कि इसमें राजनीतिक स्वार्थ है। बात 'मैं' 'तुम' की नहीं 'हम' की है। हम इसे राजनीतिक तराजू पर न तोलें, एक राष्ट्र के रूप में विचार करें, टुकड़ों में निर्णय नहीं कर सकते। यह सर्वसम्मति से आगे बढ़े... यह भारत की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता है। विकास को गति देने के लिए महिलाओं की भूमिका जरूरी है... सदन में उनकी आवाज शक्ति बनेगी।' मगर विपक्ष अपनी बात पर अड़ा रहा।

सरकार और भाजपा ने संविधान (131वां) संशोधन विधेयक, 2026 को लेकर एक विमर्श गढ़ने की कोशिश की। यह विमर्श पूरी तरह से गलत थाः यह विकृत तथ्यों और कानून की संदिग्ध व्याख्या पर आधारित था। 16 अप्रैल, 2026 को यह कानून बिल्कुल स्पष्ट था। संविधान (106वां) संशोधन सितंबर, 2023 में पारित हो चुका था और यह देश के संविधान का हिस्सा था। इसने संविधान में अनुच्छेद 334ए को जोड़ा, लेकिन केवल सरकार ही जानती है कि किन कारणों से इस संशोधन को अधिसूचित नहीं किया गया था। (इसे 16 अप्रैल की रात को अधिसूचित किया गया)। संशोधन में लोकसभा की वर्तमान संख्या (543 सदस्य) में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था। महिलाओं के लिए आरक्षण एक स्थापित तथ्य था। अनुच्छेद 334ए पर पुनर्विचार करने की कोई आवश्यकता नहीं थी।

## मतदाता सूची से बाहर लाखों नाम, सुप्रीम कोर्ट से राहत, संशय अब भी बरकरार

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की प्रक्रिया की वजह से जिस तरह की जटिलता खड़ी हुई है, उसमें लाखों मतदाताओं के मताधिकार से वंचित रह जाने की आशंका है। इस मसले पर राज्य के आम लोगों के बीच आक्रोश भी देखा गया। मगर यह सवाल अब भी कायम है कि अगर किन्हीं वजहों से बाद में पात्र साबित हुए मतदाता वोट देने से वंचित रह गए, तो इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

समस्या यह है कि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोट डाले जाने हैं और अब तक भारी संख्या में वैसे लोग मतदाता सूची से बाहर हैं, जिन्हें 'विचाराधीन' की श्रेणी में रखा गया है या जो किसी मामूली गड़बड़ी की वजह से नियमों की कसौटी पर पात्र नहीं माने गए। यह बेवजह नहीं है कि राज्य में इस मसले पर तीखे मतविरोध उभरे हैं और मांग की जा रही है कि चुनाव आयोग ऐसी कोई व्यवस्था करे, ताकि किसी पात्र मतदाता को मतदान के अधिकार से वंचित नहीं होना पड़े।

इसी के मद्देजनर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अनुच्छेद 142 का हवाला देते हुए एक अहम आदेश दिया कि पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए अपीलीय प्राधिकरण जिन लोगों की अपील पर 21 अप्रैल तक फैसला दे देंगे, वे अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। वहीं, प्राधिकरण की ओर से जिन लोगों की अपील पर 27 अप्रैल तक फैसला कर दिया जाएगा, वे 29 अप्रैल को दूसरे चरण में अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे।

यानी सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद राज्य के लाखों वैसे लोगों को राहत मिली है, जिन्हें किन्हीं वजहों से एसआइआर की प्रक्रिया के दौरान वोट देने के अधिकार से वंचित मान लिया गया था। उसके बाद मतदाता सूची से हटाए गए बहुत सारे लोगों ने अपीलीय प्राधिकरणों में अपील दायर की हुई है कि उन्हें पात्र मतदाता माना जाए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया है कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ जिन मतदाताओं की अपील प्राधिकरणों की ओर से स्वीकार कर ली गई है, उनके नाम को शामिल करते हुए पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए।

करीब सत्ताईस लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए थे

अब यह उम्मीद की जा सकती है कि राज्य में एसआइआर की प्रक्रिया के बाद जिन करीब सत्ताईस लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए थे, उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिल सकेगा। मगर तथ्य यह भी है कि निर्वाचन आयोग की ओर से जल्दबाजी और पुनरीक्षण की प्रक्रिया में तमाम खामियों की वजह से अपनी पात्रता साबित करने का बोझ खुद मतदाताओं पर ही आ खड़ा हुआ है।

एक सवाल यह है कि मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों में अगर कई लोग अपील की प्रक्रिया के बारे में जानकारी और जागरूकता की कमी की वजह से प्राधिकरणों के पास नहीं जा सके, तो क्या सिर्फ इस आधार पर उन्हें अंतिम तौर पर अपात्र मान लिया जाएगा! यह अपने आप में एक बड़ी विडंबना है कि लोगों के वोट देने के हक को सुनिश्चित करने की प्रक्रिया पर जिस तरह के सवाल उठे हैं, वे लोकतंत्र और संवैधानिक अधिकारों के लिहाज से दुखद हैं।

इससे शायद ही किसी को असहमति होगी कि किसी भी अपात्र व्यक्ति को वोट देने का हक नहीं मिलना चाहिए, लेकिन साथ ही वास्तव में किसी भी पात्र मतदाता को सिर्फ तकनीकी बारीकियों और जटिलताओं के आधार पर मतदान के अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

इसमें कोई दोराय नहीं कि संसद में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी समय की जरूरत हो सकती है और निर्धारित प्रक्रिया के तहत इसमें बदलाव हो सकते हैं। मगर इस वर्ष परिसीमन की कवायद को लेकर कई सवाल उभरते दिख रहे हैं। खासतौर पर दक्षिण भारत के राज्यों की ओर से यह आशंका जताई जा रही है कि परिसीमन के ताजा प्रस्ताव के तहत जो प्रारूप सामने आया है, अगर वह अमल में आया तो यह व्यापक स्तर पर भेदभाव का कारण बनेगा। हालांकि इस तरह के कदम उठाने से पहले देशभर में सर्वसम्मति कायम करने की अपेक्षा की जाती है, ताकि राज्यों के बीच मतभेद न उपजे, लेकिन परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार की पहल के बाद तमिलनाडु में जिस तरह का विरोध उभर रहा है, उससे कई सवाल उठे हैं।

## समय से पहले बूढ़ा बना देगी स्किनः कारण, संकेत और बचाव

**सबसे बड़ा कारण है अत्यधिक धूप में रहना। सूरज की हानिकारक यूवी किरणें त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाती हैं, जिससे झुर्रियां और दाग-धब्बे जल्दी दिखाई देने लगते हैं। इसके अलावा प्रदूषण भी त्वचा की चमक छीन लेता है। धूल और धुएं के कण स्किन के पोर्स को बंद कर देते हैं, जिससे त्वचा बेजान लगने लगती है**

**डॉ विजय गर्ग**

आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में हर कोई चाहता है कि उसकी त्वचा लंबे समय तक जवान और चमकदार बनी रहे। लेकिन बदलती आदतें, बढ़ता प्रदूषण और गलत खान-पान हमारी स्किन को समय से पहले बूढ़ा बना देते हैं। यह समस्या सिर्फ उम्र से जुड़ी नहीं है, बल्कि हमारी दिनचर्या और देखभाल से भी गहराई से जुड़ी है।

### समय से पहले स्किन बूढ़ी होने के कारण

सबसे बड़ा कारण है अत्यधिक धूप में रहना। सूरज की हानिकारक यूवी किरणें त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाती हैं, जिससे झुर्रियां और दाग-धब्बे जल्दी दिखाई देने लगते हैं। इसके अलावा प्रदूषण भी त्वचा की चमक छीन लेता है। धूल और धुएं के कण स्किन के पोर्स को बंद कर देते हैं, जिससे त्वचा बेजान लगने लगती है। गलत खान-पान भी एक बड़ा कारण है। ज्यादा जंक फूड, चीनी और तैलीय भोजन त्वचा की सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं।

नींद की कमी और तनाव भी त्वचा पर सीधा असर डालते हैं। पर्याप्त नींद न लेने से डार्क सर्कल्स और झुर्रियां जल्दी आने लगती हैं।

### समय से पहले बूढ़ी होती स्किन के संकेत

चेहरे पर जल्दी झुर्रियां दिखना, त्वचा का ढीलापन, डार्क सर्कल्स और फाइन लाइन्स, त्वचा का रूखा और बेजान होना, पिग्मेंटेशन और दाग-धब्बे

अगर ये संकेत कम उम्र में दिखने लगें, तो समझ लेना चाहिए कि त्वचा को अतिरिक्त देखभाल की जरूरत है।

### बचाव के आसान उपाय

सबसे पहले, सनस्क्रीन का नियमित उपयोग करें। घर से बाहर निकलते समय स्क्क्ष 30 या उससे अधिक का सनस्क्रीन लगाना जरूरी है।

संतुलित आहार अपनाएं। हरी सब्जियां, फल, नट्स और पर्याप्त पानी त्वचा को अंदर से पोषण देते हैं।

पर्याप्त नींद लें। रोजाना 7-8 घंटे की नींद त्वचा को रिपेयर करने में मदद करती है।

स्किन की नियमित सफाई और मॉइश्चराइजिंग करें। इससे त्वचा हाइड्रेटेड और हेल्दी बनी रहती है।

तनाव को नियंत्रित करें। योग और ध्यान जैसी गतिविधियां न केवल मानसिक शांति देती हैं, बल्कि त्वचा पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

### निष्कर्ष

त्वचा का समय से पहले बूढ़ा होना एक चेतावनी है कि हमें अपनी जीवनशैली पर ध्यान देने की जरूरत है। सही आदतें अपनाकर और नियमित देखभाल से हम अपनी त्वचा को लंबे समय तक जवान और स्वस्थ बनाए रख सकते हैं।

याद रखें, सुंदर त्वचा महंगे प्रोडक्ट्स से नहीं, बल्कि सही दिनचर्या और संतुलित जीवनशैली से मिलती है।

**डॉ विजय गर्ग** सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब

## उड़ान से पहले ही खतरा, टकराए विमानों के डैनेः दिल्ली एयरपोर्ट की घटना ने खोली हवाई सुरक्षा की परतें

**दिल्ली हवाई अड्डे पर गुरुवार को दो विमानों के पंख आपस में टकरा गए, लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस घटना ने एक बार फिर हवाई सफर की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर क्या वजह है कि एक के बाद एक सुरक्षा चूक के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन व्यवस्था में सुधार के ठोस एवं कारगर प्रयास धरातल पर नजर नहीं आते हैं?**

देश में हवाई यात्रा को सुगम बनाने के लिए विमान सेवाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। मगर इसके साथ-साथ हाल के वर्षों में उड़ानों में सुरक्षा चूक और तकनीकी खराबी की घटनाएं भी चिंताजनक रूप से बढ़ी हैं। ऐसा लगता है कि अब तक हुए छोटे-बड़े हादसों से कोई सबक नहीं लिया गया है।

दिल्ली हवाई अड्डे पर गुरुवार को दो विमानों के पंख आपस में टकरा गए, लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस घटना ने एक बार फिर हवाई सफर की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर क्या वजह है कि एक के बाद एक सुरक्षा चूक के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन व्यवस्था में सुधार के ठोस एवं कारगर प्रयास धरातल पर नजर नहीं आते हैं?

इस तरह की घटनाओं में विभागीय कार्रवाई संबंधित कर्मियों को निलंबित करने और जांच प्रक्रिया शुरू करने की औपचारिकता तक ही सीमित रह जाती है। चूक किस वजह से हुई और भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए, इसकी जानकारी शायद ही कभी सार्वजनिक हो पाती है।

दरअसल, देश में विमान सेवाओं का विस्तार तो हो रहा है, लेकिन इसके लिए जरूरी बुनियादी ढांचा उस गति से विकसित नहीं हो पाया है। यह बात भी छिपी नहीं है कि विमानों की संख्या के मुकाबले पायलटों, हवाई यातायात नियंत्रकों और इंजीनियरों की व्यवस्था का अभाव बना हुआ है। इसके अलावा, सुरक्षा सावधानियों की अनदेखी और पुराने उपकरणों का इस्तेमाल भी हादसों का कारण बनता है।

यह विचित्र है कि विमान संचालन के प्रशिक्षण के दौरान जिस तरह की बारीकियों को अनिवार्य माना जाता है, हवाई पट्टी पर उसे लेकर भी लापरवाही बरती गई। इससे स्पष्ट है कि जब हवाई अड्डे पर ही यात्रियों की जान जोखिम में पड़ जाती है, तो हवा में सफर के दौरान किस तरह के खतरे पैदा हो सकते हैं, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

हर हादसे की तरह इस मामले में भी एक वायु यातायात नियंत्रक और दो पायलटों को ड्यूटी से हटा दिया गया है, लेकिन सवाल है कि महज इस तरह की कार्रवाई से सुरक्षा चूक का स्थायी हल निकल पाएगा? जाहिर है जब तक समस्या की जड़ में जाकर उसे खत्म नहीं किया जाएगा, तब तक व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाएगा।

दिल्ली एयरपोर्ट पर बुधवार को बड़ा हादसा टल गया। एयरपोर्ट पर दो विमानों के डैने आपस में टकरा गए। इस हादसे में दोनों एयरलाइंस के प्लेन को क्षति पहुंची है लेकिन जानमाल की कोई हानि नहीं हुई है। अकासा एयर के प्रवक्ता के अनुसार, गुरुवार (16 अप्रैल 2026) को दिल्ली से हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट क्क्र 1406 को वापस बे पर लाना पड़ा। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, अकासा का विमान खड़ा हुआ था तभी एक अन्य एयरलाइन के विमान ने उससे टक्कर कर ली। सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित उतार लिया गया है और हमारी ग्राउंड टीमें यात्रियों को जल्द से जल्द हैदराबाद भेजने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर रही हैं





# अगरकर का 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक टीम चुनेंगे

## इनके रहते में भारत ने 3 आईसीसी खिताब जीते, रोहित-कोहली जैसे दिग्गजों का संन्यास

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर का कार्यकाल एक साल बढ़ा दिया है। अब वे 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप तक इस पद पर बने रहेंगे।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अगरकर का कार्यकाल रिन्यू किया गया है, एक्सटेंड नहीं। वे अपनी परफॉर्मेंस के आधार पर चौथे साल के लिए पद पर बने रहेंगे।बीसीसीआई के नियमों के मुताबिक, सिलेक्टर अधिकतम चार साल तक पद पर रह सकता है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि अगरकर ने खुद बीसीसीआई से अपना कार्यकाल 2027 वनडे वर्ल्ड कप बढ़ाने की मांग की थी।

बोर्ड ने 2023 में दो साल के लिए अगरकर को चीफ सिलेक्टर बनाया था। 2025 में उन्हें पहले ही एक साल का एक्सटेंशन मिल चुका था। अब उनका कार्यकाल 2027 तक के लिए रिन्यू किया जा रहा है। इस तरह अगरकर कुल चार साल चीफ सिलेक्टर रहेंगे।

अजित अगरकर का अब तक का कार्यकाल बेहद सफल रहा। अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच उनके द्वारा चुनी गई भारतीय टीमों ने चार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में जगह बनाई। इनमें से भारत ने तीन खिताब अपने नाम किए। 2024 और 2026 में दो टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी। इसके अलावा, टीम इंडिया 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी, जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

कोहली-रोहित के संन्यास और शमी को बाहर करने जैसे कड़े फैसले

अगरकर की अगुवाई वाली कमेटी ने कई कड़े और बड़े फैसले लिए। इसमें सबसे प्रमुख विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की प्रक्रिया को संभालना और सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर करना था। वहीं 2026 टी-20 वर्ल्ड कप टीम से टेस्ट और वनडे कैप्टन शुभमन गिल को ड्रॉप करके ईशान किशन जैसे इन-फॉर्म खिलाड़ी को मौका देने जैसे बड़े फैसले भी लिए।

### 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए कंटिन्यूटी पर फोकस

अगला वनडे वर्ल्ड कप 2027 में होना है। बीसीसीआई चाहता है कि टीम की कोर और चयन प्रक्रिया में स्थिरता बनी रहे। अगरकर का कार्यकाल बढ़ने का मतलब है कि वे अगले वर्ल्ड कप के लिए टीम तैयार करने के मिशन पर काम जारी रखेंगे। बोर्ड का मानना है कि इस समय चयन समिति के नेतृत्व में बदलाव करना टीम की लय को बिगाड़ सकता है।



# हॉकी पंजाब का दबदबा बरकरार, सब-जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

चंडीगढ़। हॉकी पंजाब ने एक बार फिर घरेलू हॉकी में अपनी मजबूत पकड़ साबित करते हुए 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 के पुरुष वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि राज्य की निरंतर सफलता और मजबूत खेल ढांचे को दर्शाती है। घरेलू हॉकी में निरंतर सफलता हॉकी पंजाब देश की सबसे सफल टीमों में से एक रही है, जिसने अब तक विभिन्न वर्गों में 33 पदक (14 स्वर्ण, 6 रजत, 13 कांस्य) हासिल किए हैं। इनमें से 26 पदक पुरुष टीम के खाते में आए हैं, जो राज्य के दबदबे को दर्शाते हैं। सीनियर पुरुष टीम ने हाल ही में 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता, जहां जुगराज सिंह) टीम के लिए शीर्ष गोल स्कोरर रहे।

भारतीय टीम में पंजाब की मजबूत मौजूदगी

भारतीय हॉकी टीम में पंजाब के खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह टीम की अगुवाई कर रहे हैं, जबकि हार्दिक सिंह मिडफील्ड में अहम भूमिका निभाते हैं।

आक्रमण पंक्ति में सुखजीत सिंह और अभिषेक टीम की ताकत बने हुए हैं।

गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक टीम की रक्षा पंक्ति को मजबूती देते हैं, जबकि डिफेंडर जुगराज सिंह और जर्मनप्रीत सिंह भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### नई पीढ़ी भी तैयार

हॉकी पंजाब की ग्रासरूट प्रणाली लगातार नए खिलाड़ियों को आगे ला रही है। मनमीत सिंह, अर्शदीप सिंह और प्रिंसदीप सिंह जैसे युवा खिलाड़ियों ने घरेलू स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर भारतीय जूनियर टीम में जगह बनाई और एफआईएच जूनियर वर्ल्ड कप तमिलनाडु 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

### क्या बोले अध्यक्ष

हॉकी पंजाब के अध्यक्ष नितिन कोहली ने कहा कि राज्य में हॉकी एक जुनून है और टीमों का लगातार पोडियम पर आना खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने भरोसा जताया कि पंजाब आगे भी देश को शीर्ष स्तर के खिलाड़ी देता रहेगा।

### निष्कर्ष:

हॉकी पंजाब एक बार फिर यह साबित किया है कि मजबूत बुनियादी ढांचा और प्रतिभा को सही मंच देने से ही निरंतर सफलता मिलती है। पंजाब की यह उपलब्धि भारतीय हॉकी के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

# ऋतुराज के लिए रन बनाने का यह सबसे अच्छा मौका : रविचंद्रन अश्विन



**भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मैच में फॉर्म में वापसी करने का एक शानदार मौका गंवा दिया।**

सनराइजर्स ने शनिवार को खेले गए मैच में सीएसके को 10 रन से हराया। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 194 रन बनाए जिसके जवाब में सीएसके आठ विकेट पर 184 रन ही बना पाया। अश्विन ने कहा कि गायकवाड़ दबाव में नजर आ रहे हैं।

अश्विन ने जियोस्टार से कहा, 'ऋतुराज के लिए रन बनाने का यह सबसे अच्छा मौका था। आयुष म्हात्रे की अच्छी शुरुआत को देखते हुए उन्हें जोखिम लेने या तेज गति से रन बनाने की जरूरत नहीं थी। पावरप्ले में उनकी टीम पूरी तरह हावी थे। रुतुराज के पास क्रीज पर कुछ समय बिताने , कुछ रन बनाने और फॉर्म में वापसी करने का सुनहरा अवसर था।'

अश्विन ने कहा, 'आयुष म्हात्रे का विकेट गिरने के बाद, ऋतुराज को एक बहुत अच्छी गेंद मिली, वह पुल शॉट अच्छी तरह से खेलता है लेकिन मुझे लगता है कि वह बहुत दबाव में है और उसका दिमाग थोड़ा उलझन में है।' ऋतुराज ने आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपने पहले छह मैचों में केवल 82 रन बनाए हैं। उनका औसत मात्र 13.67 और स्ट्राइक रेट 112.33 है।

सनराइजर्स की तरफ से श्रीलंका के तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा ने शानदार प्रदर्शन किया और तीन विकेट लिए। सनराइजर्स के गेंदबाजी कोच वरुण एरॉन ने उनकी जमकर तारीफ की।

एरॉन ने कहा, 'ईशान मलिंगा को कम करके आंका जाता है। उन्होंने शुरू से ही अच्छी गेंदबाजी की है। पिछले सत्र में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था। खासकर जब गेंद रिवर्स स्विंग होती है, तो डेथ ओवरों में वह और भी प्रभावी हो जाता है। वह एक विशुद्ध टी20 गेंदबाज है।' युवा तेज गेंदबाज प्रफुल्ल हिंगे ने अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन करके चार विकेट लिए थे लेकिन पिछले मैच में वह नहीं चल पाए। एरॉन ने कहा कि यह उनके लिए अच्छा सबक है।उन्होंने कहा, 'हम कई वर्षों से आईपीएल देख रहे हैं। यही तो इस लीग का सार है। आप पहले ही ओवर में तीन विकेट ले सकते हैं, जैसा कि प्रफुल्ल हिंगे ने अपने पहले मैच में किया और दूसरे दिन आप एक ओवर में 15 रन दे सकते हैं। इसलिए यह उसके लिए एक अच्छा सबक है।' शनिवार को एक अन्य मैच में डेविड मिलर ने आखिरी ओवर में दो छक्के लगाकर दिल्ली कैपिटल्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ रोमांचक जीत दिलाई।

# अभिषेक शर्मा ने 15 गेंद पर फिफ्टी लगाई

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 27वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को 11 रन से हरा दिया। राजीव गांधी स्टेडियम में अभिषेक शर्मा ने 15 गेंद पर ही फिफ्टी लगा दी। संजू सैमसन ने छक्का लगाकर पारी की शुरुआत की। वहीं ऋतुराज गायकवाड़ ने बेहतरीन डाइविंग कैच पकड़ा।



1. अभिषेक ने छक्के से फिफ्टी पूरी की पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर अभिषेक शर्मा ने मैथ्यू शॉर्ट के खिलाफ छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने 15 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। इस ओवर में अभिषेक ने शॉर्ट के खिलाफ लगातार 5 बाउंड्री लगाई। इनमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल रहे।

अभिषेक ने स्त्रा के लिए सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड भी बना लिया। इससे पहले उन्होंने और ट्रैविस हेड ने 16-16 गेंदों पर हाफ सेंचुरी लगाई थी।

2. ऋतुराज गायकवाड़ का डाइविंग कैच पावरप्ले के आखिरी ओवर में स्त्रा ने 2 विकेट गंवा दिए। ओवर की पांचवीं बॉल मुकेश चौधरी ने फुल लेंथ फेंकी। ट्रैविस हेड ने शॉट खेला, लेकिन मिड ऑफ पर ऋतुराज गायकवाड़ ने बेहतरीन कैच पकड़ लिया। अगली ही गेंद पर ईशान किशन भी मिड ऑफ पर कैच हो गए। हैदराबाद ने पावरप्ले में 75 रन बनाए।

3. दुबे ने अभिषेक का कैच छोड़ा 7वें ओवर की पांचवीं गेंद को अभिषेक शर्मा ने डीप मिडविकेट की ओर पूरी ताकत से मारा। गेंद फुल लेंथ थी, अभिषेक ने फ्लिक किया, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही। मिड-विकेट बाउंड्री पर खड़े शिवम दुबे ने कैच लेने की कोशिश की, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके।

4. संजू के छ्रस से आउट हुए अभिषेक 8वें ओवर की आखिरी बॉल पर हैदराबाद ने तीसरा विकेट गंवाया। अभिषेक शर्मा 22 बॉल पर 59 रन बनाकर आउट हुए।

## व्यापार

# टॉप-10-कंपनियों में से 8 की वैल्यू 1.87 लाख करोड़ बढ़ी

## एयरटेल टॉप गेनर रही, वैल्यू 58.83 हजार करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** मार्केट कैप के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 8 की वैल्यू बीते हफ्ते के कारोबार में 1.87 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। इस दौरान भारती एयरटेल की वैल्यू सबसे ज्यादा बढ़ी है। एयरटेल का मार्केट कैप 58,831 करोड़ रुपए बढ़कर ?11.25 लाख करोड़ हो गया है।

एलआईसी की मार्केट वैल्यू ?27,608 करोड़ बढ़कर ?5.32 लाख करोड़ पर पहुंच गई। ञ्चष्टस् की मार्केट वैल्यू ?20,731 करोड़ बढ़कर ?9.34 लाख करोड़ हो गई है।

वहीं रिलायंस, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई और इंफोसिस की वैल्यू भी बढ़ी है।

एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 16,163 करोड़ रुपए घटकर ?12.31 लाख करोड़ पर आ गया। वहीं बजाज फाइनेंस की मार्केट वैल्यू ?9,769 करोड़ घटकर ?5.65 लाख करोड़ पर आ गई है।




### बीते हफ्ते सेंसेक्स 943 अंक चढ़ा था

पिछले हफ्ते सेंसेक्स 943.29 (1.21%) और निफ्टी 302.95 (1.25%) अंक चढ़ा था। वहीं हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार 17 अप्रैल को सेंसेक्स 505 अंक (0.65%) की तेजी के साथ 78,494 पर बंद हुआ था।

निफ्टी में भी 157 अंकों (0.65%) की तेजी रही थी, ये 24,354 के स्तर पर बंद हुआ था।

मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, उनकी वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की कुल संख्या को उनकी कीमत से गुणा करके किया जाता है।

# लेंसकार्ट ने ड्रेस कोड विवाद पर माफी-मांगी अब बिंदी-तिलक पहन सकेंगे कर्मचारी

**नई दिल्ली।** आईवियर रिटेलर कंपनी लेंसकार्ट ने सोशल मीडिया पर भारी विरोध के बाद पब्लिकली माफी मांगी है। इसके अलावा कंपनी ने अब एक नई और पारदर्शी 'इन-स्टोर स्टाइल गाइड' जारी की है, जिसमें कर्मचारियों को कार्यस्थल पर अपने धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों को पहनने की पूरी अनुमति दी गई है।

लेंसकार्ट की नई पॉलिसी में अब बिंदी, तिलक, सिंदूर, कलावा, मंगलसूत्र, कड़ा, हिजाब और पगड़ी जैसे आस्था के प्रतीकों को शामिल किया गया है। कंपनी ने ङ्ग पर बयान जारी कर कहा कि वे अपनी गाइडलाइंस को सार्वजनिक और पारदर्शी बना रहे हैं ताकि ग्राहकों और समुदाय की चिंताओं को दूर किया जा सके।

### विवाद की वजह, वायरल हुआ पुराना डॉक्युमेंट



यह पूरा विवाद इस हफ्ते की शुरुआत में तब शुरू हुआ जब लेंसकार्ट की 'एम्प्लॉई ग्रूमिंग पॉलिसी' का एक डॉक्युमेंट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें कर्मचारियों को बिंदी और तिलक जैसे धार्मिक प्रतीकों को पहनने से रोका गया था। इसके बाद इंटरनेट पर कंपनी के बहिष्कार की मांग उठने लगी थी।

फाउंडर पीयूष बंसल ने दी सफाई

विवाद बढ़ता देख कंपनी के फाउंडर पीयूष बंसल ने दखल देते हुए स्पष्ट किया कि वायरल हुआ डॉक्युमेंट एक पुराना था और यह कंपनी के वर्तमान रुख को नहीं दर्शाता।

बंसल ने कहा कि हमारी पॉलिसी में धार्मिक अभिव्यक्ति के किसी भी रूप पर कोई पाबंदी नहीं है। उन्होंने इस भ्रम की स्थिति के लिए माफी भी मांगी है।

### क्या होती है ग्रूमिंग पॉलिसी?

कॉर्पोरेट जगत में कंपनियां अपने कर्मचारियों के ड्रेस कोड और व्यवहार के लिए कुछ नियम बनाती हैं, जिसे ग्रूमिंग पॉलिसी कहा जाता है।

इसका उद्देश्य ब्रांड की एक समान पहचान बनाना होता है, लेकिन भारत जैसे विविधता वाले देश में इसमें धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना अनिवार्य माना जाता है।

# मार्च में घरेलू एलपीजी की खपत 13 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग की वजह से मार्च में देश की रसोई गैस सप्लाई पर बड़ा असर पड़ा है। आधिकारिक डेटा के मुताबिक, पिछले महीने यानी मार्च में घरेलू ख्क्ल की खपत में 13% की भारी गिरावट दर्ज की गई। सप्लाई में आई इस कमी की मुख्य वजह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज जलमार्ग का बंद होना और खाड़ी देशों से सप्लाई प्रभावित होना है।

### मार्च में 2.379 मिलियन टन रही खपत

पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल के आंकड़ों के अनुसार, मार्च में एलपीजी की खपत 2.379 मिलियन टन रही। यह पिछले साल इसी अवधि में हुई 2.729 मिलियन टन खपत के मुकाबले करीब 13% कम है।

भले ही मार्च में खपत कम रही हो, लेकिन पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में ख्क्ल की कुल खपत 6% बढ़कर 33.212 मिलियन टन रही है। इसका मुख्य कारण सरकार द्वारा लकड़ी और अन्य प्रदूषित ईंधनों की जगह स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देना है।

### जंग के कारण आयात में आई रुकावट

भारत अपनी एलपीजी जरूरत का करीब 60% हिस्सा आयात करता है। इसका बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते आता है। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों और तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद यह मार्ग प्रभावी रूप से बंद हो गया है।

सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (ढ्ढश्व) से होने वाली सप्लाई बाधित होने के बाद सरकार ने घरेलू रसोई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए होटलों और उद्योगों जैसी कॉमर्शियल संस्थाओं की सप्लाई में कटौती की है।

### कॉमर्शियल और घरेलू गैस बिक्री के आंकड़े

पीपीएसी डेटा के मुताबिक, मार्च में घरों को बेचे गए घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बिक्री में 8.1% की गिरावट आई और यह 2.219 मिलियन टन रही। वहीं नॉन-डोमेस्टिक या कॉमर्शियल यूजर्स की बिक्री में लगभग 48% की कमी आई है।

थोक एलपीजी की बिक्री में तो 75.5% की भारी गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, सरकार का दावा है कि एलपीजी की सप्लाई सामान्य है और घरेलू मांग पूरी की जा रही है, लेकिन डेटा इसके उलट स्थिति दिखा रहा है।

### उत्पादन बढ़ाने के लिए रिफाइनरियों को निर्देश

सप्लाई की कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने रिफाइनरियों को निर्देश दिए हैं कि वे पेट्रोकेमिकल उत्पादन के बजाय ख्क्ल आउटपुट बढ़ाने पर ध्यान दें। इसके चलते मार्च में घरेलू ख्क्ल उत्पादन बढ़कर 1.4 मिलियन टन हो गया, जो पिछले साल 1.1 मिलियन टन था।

पूरे वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल 2025 से मार्च 2026) के दौरान कुल ख्क्ल उत्पादन 13.1 मिलियन टन रहा, जबकि पिछले दो सालों में यह 12.8 मिलियन टन था।

# एनएसई के अनलिस्टेड शेयर 2,075 से गिरकर 1,885 पर आए

**नई दिल्ली।** एनएसई के आईपीओ की खबरों के बीच इसके अनलिस्टेड शेयर ?2,075 के हाई से गिरकर ?1,885 पर आ गए हैं। इसकी वजह सेबी का वह नियम है जिसके तहत केवल वही निवेशक आईपीओ में शेयर बेच सकते हैं जिन्होंने कम से कम एक साल पहले से शेयर होल्ड किए हों।

### 20,000 करोड़ से ज्यादा का आईपीओ, पूरा ओएफएस होगा

एनएसई अपने आईपीओ के जरिए ?20,000 करोड़ से ज्यादा जुटाना चाहती है। यह पूरी तरह ऑफर फॉर सेल होगा यानी एनएसई खुद कोई नया पैसा नहीं जुटाएगी।




सारी रकम मौजूदा शेयरधारकों को मिलेगी जो अपनी हिस्सेदारी बेचना चाहते हैं। ह्स्श्व करीब 4 से 4.5% इक्विटी इस रास्ते से बेचेगी। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस जून तक दाखिल होने की उम्मीद है।

### नए निवेशक ओएफएस में शामिल नहीं हो पाएंगे

सेबी के मुताबिक ओएफएस में शेयर बेचने के लिए निवेशक को ड्राफ्ट पेपर दाखिल होने से कम से कम एक साल पहले से शेयर होल्ड करने होंगे। यानी जून 2025 से पहले के खरीदार ही हिस्सा ले सकते हैं। जो निवेशक आज अनलिस्टेड मार्केट से शेयर खरीदेंगे, वे ढ्ढक्क्ह्र में शेयर नहीं बेच पाएंगे। शेयरधारकों को ह्रस्नस् में शामिल होने के लिए 27 अप्रैल तक अपनी सहमति भी देनी होगी।

# ट्रांसमिशन लाइनों के समीप निर्माण से हो सकता है जानलेवा खतरा

## ट्रांसको ने चलाया विशेष जागरूकता एवं कार्रवाई अभियान

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा जिले में एक्स्ट्रा हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के आसपास हो रहे अवैध निर्माणों की खतरनाक स्थिति को दृष्टिगत सख्त अभियान शुरू किया गया है।



एमपी ट्रांसको के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि अभियान का उद्देश्य न केवल ऐसे निर्माणों को हटाना है, बल्कि नागरिकों को यह स्पष्ट रूप से समझाना भी है कि ट्रांसमिशन लाइनों के समीप किया गया निर्माण सीधे जीवन के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

**कम से कम 27 मीटर का सुरक्षित कारीडोर जरूरी**

हाई टेंशन ट्रांसमिशन लाइनो के आसपास नियमानुसार 132 के.वी. ट्रांसमिशन लाइन के दोनों ओर 27 मीटर का क्षेत्र और 220 के वी लाइन में 35 मीटर सुरक्षा कॉरीडोर के रूप में प्रतिबंधित है। इसके भीतर किसी भी प्रकार का निर्माण पूर्णतः वर्जित है। इस क्षेत्र में बने मकान, दुकान या अन्य संरचनाएं इसलिए अत्यंत जोखिमपूर्ण हैं क्योंकि तेज हवा या अन्य कारणों से तारों के झूलने (स्विंग) की स्थिति में कभी भी जानलेवा हादसा हो सकता है।

**घरेलू बिजली से 600 से 950 गुना घातक विद्युत प्रभाव होती है इन ट्रांसमिशन लाइनों में**

ट्रांसमिशन लाइनों में प्रवाहित विद्युत धारा घरेलू बिजली की तुलना में लगभग 600 से 950 गुना अधिक घातक होती है। ऐसे में इन लाइनों के पास रहना या निर्माण करना, हर समय एक अदृश्य खतरे के साए में रहने जैसा है।

**अनूपपुर क्षेत्र में दो दर्जन निर्माण खतरनाक जद में**

प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि अनूपपुर और कोतमा क्षेत्र में अब तक 23 ऐसे निर्माण चिन्हित किए गए हैं, जो इस प्रतिबंधित क्षेत्र के भीतर आते हैं। इन सभी मामलों में संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि वे स्वयं निर्माण हटाएं, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इन निर्माणों से न केवल रहने वालों की जान जोखिम में है, बल्कि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो सकती है।

**ट्रांसमिशन के नजदीक बने चार निर्माण को हटाया गया**

एम.पी. ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता आर.एस. पांडे एवं कार्यपालन अभियंता ए.पी.एस. चौहान के निर्देशन में शहडोल टीएलएम टीम द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

क्षेत्र में रेलवे को आपूर्ति करने वाली 220 केवी ट्रैक्शन -ट्रांसमिशन लाइन के नजदीक बने निर्माण सहित चार ऐसे निर्माणों को हटाया जा चुका है जो मानव जीवन के लिए खतरा हो सकते थे.

सहायक अभियंता जगदीश असाटी द्वारा स्थानीय प्रशासन की मदद से पब्लिक एड्रेस सिस्टम, व्यक्तिगत संपर्क और नोटिस के माध्यम से लोगों को समझाया जा रहा है कि थोड़ी सी लापरवाही, बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

**ऊर्जा मंत्री की अपील**

मध्य प्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने और अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। ट्रांसमिशन लाइनों के समीप किसी भी प्रकार का निर्माण न करें और निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करें। सुरक्षित दूरी बनाए रखना ही जीवन की सुरक्षा

# कॉबिंग गस्त के दौरान बिजुरी पुलिस द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे 17 वारंटो की तामीली

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा जिले में अपराधो में नियंत्रण एवं फरार चल रहे वारंटी की तामीली हेतु कॉम्बिंग गस्त हेतु आदेशित किया गया । जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा नवीन तिवारी के निर्देशन में बिजुरी पुलिस द्वारा लगन एवं मेहनत कर काबिंग गस्त के दौरान 15 स्थाई गिरफ्तारी, 02 गिरफ्तारी वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया

दिनांक 19/04/2026 को कोबिंग गस्त के दौरान वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया जिसमें न्यायालय अमनदीप सिंह छाबडा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय कोतमा के प्र.क्र. 925/22 धारा 138 NIA ACT के स्थाई वारंटी रामसजीवन अगरिया पिता दयाराम अगरिया उम्र 36 वर्ष निवासी उमरदा थाना बिजुरी, प्र.क्र. 1731/15 धारा 457,380,34 ताहि के स्थाई वारंटी राजा गिरी पिता सरवन गिरी उम्र 22 वर्ष निवासी पडरीपानी बिजुरी ,प्र.क्र.1270/221 धारा 294,323,506,34 ताहि के स्थाई वारंटी रवि कोल उर्फ भल्लू पिता जगत प्रताप कोल उम्र 25 वर्ष निवासी पडरीपानी बिजुरी, RCT NO. 786/2025 धारा 296(बी),115(2),351(2) बीएनएस के गिरफ्तारी वारंटी अर्जून




सिंह गोंड पिता बिरझू सिंह गोंड उम्र 23 वर्ष निवासी सीएमपीडीआई केम्प बिजुरी, RCT NO. 1002/2022 धारा 294,323,506 ताहि के गिरफ्तारी वारंटी रामलाल ढोलिया पिता परमोधी ढोलिया उम्र 43 वर्ष निवासी डोंगरिया छोट एवं न्यायालय अरविन्द कुमार बरला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय कोतमा के SUM. NO. 560/24 धारा 4क सट्टा एक्ट के स्थाई वारंटी पींकू गुप्ता पिता रामेश्वर गुप्ता उम्र 38 वर्ष निवासी पडरीपानी बिजुरी, SUM. NO. 302/24 धारा 34ए आबकारी एक्ट के स्थाई वारंटी उमेश निराला पिता शारदा निराला उम्र 37 वर्ष निवासी माईनस कालोनी बिजुरी, SUM. NO. 1382/23 धारा 34ए आबकारी एक्ट के स्थाई वारंटी मनोज जायसवाल पिता भुल्ला जायसवाल उम्र 28 वर्ष निवासी मोहाडा दफाई बिजुरी, SUM. NO. 586/24 धारा 13 जुआ एक्ट के स्थाई वारंटी किशन लाल केवट पिता रामसेवक केवट उम्र 41 वर्ष निवासी कोठी, SUM. NO. 388/24 धारा 34ए आबकारी एक्ट के स्थाई वारंटी संतोष जायसवाल पिता श्यामसुन्दर जायसवाल उम्र 32 वर्ष निवासी थानगांव , SUM. NO. 1363/23 धारा 13 जुआ एक्ट के स्थाई वारंटी निरंजन सेन पिता श्यामलाल सेन उम्र 37 वर्ष निवासी माईनस कालोनी बिजुरी, RCT NO. 1252/22 धारा 34ए आबकारी एक्ट के स्थाई वारंटी संतोष सिंह गोंड पिता लखनलाल गोंड उम्र 34 वर्ष निवासी मौहरी , SUM. NO. 1375/23 धारा 34ए आबकारी एक्ट के स्थाई वारंटी रामलाल ढोलिया पिता परमोधी ढोलिया उम्र 44 वर्ष निवासी डोंगिया छोट, RCT NO. 850/24 धारा 294, 323, 506, 324 ताही के स्थाई वारंटी रवि सिंह गोंड पिता प्रताप सिंह गोंड उम्र 19 वर्ष निवासी कबाडी मोहल्ला बिजुरी, SUM. NO. 584/24 धारा 34ए आबकारी एक्ट के स्थाई वारंटी अर्जून तिर्की पिता मंत्री तिर्की उम्र 24 वर्ष निवासी दलदल बिजुरी, SUM. NO. 1363/23 धारा 13 जुआ एक्ट के स्थाई वारंटी अमर पनिका पिता मोहन साय पनिका उम्र 24 वर्ष निवासी माईनस कालोनी बिजुरी, SUM. NO. 300/24 धारा 34ए आबकारी एक्ट के स्थाई वारंटी रामाश्रय महतो पिता श्यामलाल महतो उम्र 60 वर्ष निवासी गलैया टोला बिजुरी को गिरफ्तारी कर न्यायालय पेश किया गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों की विशेष भूमिका रही ।

# लोगों के आक्रोश के बाद अनूपपुर जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

## इलाज में लापरवाही के आरोप में हटाए गए पुष्पराजगढ़



**अनूपपुर।** राजेंद्रग्राम अमरकंटक थाना क्षेत्र मे शुक्रवार की रात संदिग्ध तरीके से घायल व्यक्ति के ःइलाज में देरी से युवक की मौत के आरोप के बाद मृतक के परिजनों द्वारा अमरकंटक - रीवा मार्ग मे राजेन्द्रग्राम मे 5 घंटे तक शव रख कर चकाजाम करने के बाद कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देश पर पुष्पराजगढ बीएमओ डॉक्टर आरके वर्मा को हटाकर डा सुरेन्द्र सिंह को प्रभार सौंपने का आदेश मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

# चंद्राचार्य धर्मार्थ चिकित्सालय, अमरकंटक में साप्ताहिक नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## 30 मरीजों को मिला लाभ

( ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर/अमरकंटक।** मानव सेवा के पावन संकल्प के साथ चंद्राचार्य धर्मार्थ चिकित्सालय, अमरकंटक में प्रत्येक रविवार की भांति आज दिनांक 19 अप्रैल 2026 को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य के अंतर्गत क्षेत्र के लगभग 30 जरूरतमंद मरीजों का पंजीयन कर उनका निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया।

शिविर में विशेष रूप से स्त्री एवं प्रसूति रोग (गायनिक) संबंधी परामर्श प्रदान किया गया, जिससे महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों की सावधानीपूर्वक जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां एवं परामर्श



उपलब्ध कराया गया।

इस अवसर पर शिविर में प्रमुख रूप से डॉ. मीनाक्षी, डॉ. इप्शिता प्रियदर्शिनी, डॉ. एस.के. तिवारी, फार्मासिस्ट देवेश पटेल तथा सहयोगी टीम के रूप में सुखनंदन सिंह, राजेश कुमार तिवारी, ईश्वरी पंडराम, दीपक चंद्रवंशी एवं रामसनेही नाई का सराहनीय योगदान रहा।

चिकित्सालय द्वारा नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की क्षेत्रवासियों ने सराहना की है। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सहज रूप से उपलब्ध हो रही हैं।

**मुख्य बिंदु:**

- प्रत्येक रविवार को आयोजित होता है निशुल्क स्वास्थ्य शिविर
- 30 मरीजों का पंजीयन एवं उपचार
- गायनिक शिविर में महिलाओं को विशेष लाभ
- अनुभवी डॉक्टरों एवं टीम का सराहनीय योगदान

चंद्राचार्य धर्मार्थ चिकित्सालय का यह प्रयास निःसंदेह समाज में स्वास्थ्य जागरूकता एवं सेवा भाव को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# एकलव्य विद्यालय में आज आयोजित होगा जिला स्तरीय 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार नारी शक्ति की गरिमा और उनके अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले भर में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक 'नारी शक्ति वंदन' पखवाडा हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी अनुक्रम में 20 अप्रैल 2026 को अनूपपुर के एकलव्य आवासीय विद्यालय के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विनोद परस्ते को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग मंजूषा शर्मा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर टेन्ट, साउण्ड सिस्टम, माईक, स्टेज निर्माण, कार्यक्रम स्थल में साफ-सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा स्वसहायता समूह की दीदियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई है।

# भगवान परशुराम जयंती पर बाल्मिक समाज की महिलाओं को वितरित किया गया भोजन एवं साड़ी

**-ब्राह्मण समाज ने दिया संस्कारों का संदेश**

**-समरसता के साथ भव्य आयोजन, बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल**

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** भगवान श्री परशुराम जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ के तत्वाधान में एमएलडी स्कूल प्रांगण में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक समरसता के अनूठे उदाहरण के साथ हुई, जहां वाल्मीकि समाज की महिलाओं को भोजन कराया गया तथा वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद भगवान परशुराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर विश्व शांति और जनकल्याण की कामना की गई।



आयोजन में ब्राह्मण समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।जिससे पूरे परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक भावनाओं का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिसने सभी को प्रभावित किया।

इस अवसर पर पार्षद श्रीमती सरोज सत्यवीर कपासिया ने अपने संबोधन में कहा कि ब्राह्मण केवल एक जाति नहीं, बल्कि संस्कारों की पहचान है। इन्हीं संस्कारों के कारण आज सनातन संस्कृति विश्वभर में अपनी पहचान बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव जनकल्याण और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है। जब भी समाज को मार्गदर्शन की आवश्यकता पड़ी, ब्राह्मणों ने अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने महापुरुषों का उल्लेख करते हुए कहा कि चाणक्य, कौटिल्य, आर्यभट्ट और ऋषि दधीचि जैसे महान विभूतियों का योगदान अमूल्य है। इन महापुरुषों ने राजनीति, अर्थशास्त्र, विज्ञान और त्याग के क्षेत्र में जो आदर्श स्थापित किए, वे आज भी प्रासंगिक हैं और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम में कथा वाचक जितेंद्र उपाध्याय महाराज ने कहा कि नए भारत को वैश्विक पहचान दिलाने में ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि ज्ञान, तप और सेवा के माध्यम से ब्राह्मणों ने समाज को दिशा देने का कार्य किया है और सर्वसमाज के उत्थान में योगदान दिया है। वहीं ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष पातीराम उपाध्याय एवं हरिओम थापक ने कहा कि भगवान परशुराम ने अधर्म के खिलाफ संघर्ष कर धर्म की स्थापना की। उन्होंने चाणक्य, आर्यभट्ट और महर्षि दधीचि के योगदान को याद करते हुए कहा कि इन महान व्यक्तित्वों ने विश्व को नई दिशा दी है। चाणक्य की नीतियां आज भी राजनीति में मार्गदर्शक हैं, वहीं आर्यभट्ट का 'शून्य' गणित का आधार बना हुआ है। कार्यक्रम के अंत में समाज की सुख-समृद्धि और विश्व शांति की कामना की गई। आयोजन में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन ने समाज में एकता, समरसता और संस्कारों का संदेश दिया।

# शांतिनाथ दिगम्बर जैन बड़े मंदिर में गूंजा भक्ताम्बर पाठ

## 24 घंटे चले सामूहिक पाठ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** शहर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन बड़े मंदिर में शनिवार को जन कल्याण एवं विश्व शांति की कामना को लेकर सामूहिक रूप से भक्ताम्बर पाठ का भव्य आयोजन किया गया। शनिवार सुबह 9 बजे प्रारंभ हुआ यह अखंड पाठ रविवार सुबह 9 बजे तक निरंतर चलता रहा। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे से भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर भगवान की आराधना की।



मंदिर परिसर में दिन-रात गूंजते भक्ताम्बर स्तोत्र के पवित्र स्वर ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु बारी-बारी से पाठ करते हुए भगवान आदिनाथ स्वामी की आराधना में लीन नजर आए। आयोजन की विशेषता यह रही कि इसमें महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने समान उत्साह और श्रद्धा के साथ भागीदारी निभाई, जिससे यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान न रहकर सामाजिक एकता का भी प्रतीक बन गया।

मंदिर की आकर्षक सजावट, साफ-सफाई और सुव्यवस्थित व्यवस्था ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया। पूरी व्यवस्था में अनुशासन और सहयोग की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन, सुरेश चंद्र जैन (नागर वाले), जगदीश चंद्र जैन, रॉबिन जैन, संतोष जैन, कुलदीप जैन, अमित जैन (टकसारी), कपिल जैन (केपी), श्रेयांस जैन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष जिनेश जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि भक्ताम्बर स्तोत्र केवल एक धार्मिक पाठ नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और आंतरिक शक्ति का अद्भुत माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामूहिक आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं और हमें हमारी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ते हैं। जिनेश जैन ने कहा कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम मानसिक शांति प्रदान करते हैं और व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा से भर देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जैन धर्म अहिंसा, संयम और तपस्या का संदेश देता है, जिसे हमें अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को धर्म के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है, ताकि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इतनी सुंदर और व्यवस्थित व्यवस्था करना सराहनीय है।

जिनेश जैन ने यह भी कहा कि समाज में एकता और सहयोग की भावना ही सबसे बड़ी शक्ति होती है। जब हम सभी मिलकर किसी कार्य को करते हैं, तो वह और अधिक प्रभावशाली और सफल बनता है। इस तरह के आयोजन समाज को मजबूत बनाने के साथ-साथ धार्मिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर समाज की सुख-समृद्धि और विश्व शांति की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में समाज के सभी वर्गों का महत्वपूर्ण योगदान

# नातिन के हाई स्कूल में आए 96.8%, बाबा ने किया टॉपर्स विद्यार्थियों और शिक्षकों का सम्मान

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** शिव शांति त्यागी पैलेस अंबाह में आज एक अनूठा



सम्मान समारोह आयोजित किया गया.जिसमें बाबा द्वारा अपनी नातिन के हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 96.8 अंक लाने पर अपनी नातिन भूमि त्यागी सहित मेधावी अन्य बेटियों और उनको पढ़ाने वाले एवं मार्गदर्शन देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया. जग्गा दोहरी रोड स्थित शिव शांति त्यागी पैलेस में हुए इस भावनात्मक आयोजन के सूत्रधार वयोवृद्ध समाजसेवी, एडवोकेट शिवप्रताप त्यागी और उनके पुत्र एडवोकेट केशव त्यागी द्वारा मेधावी छात्राओं और उनके शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों का सम्मान किया गया. सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि संदीपनी उ. मा.विद्यालय अम्बाह के प्राचार्य रामवीर शर्मा, मोटीवेटर वक्ता सुधीर आचार्य,प्रेरक शिक्षक वीरेंद्र कुमार जैन,उप प्राचार्य महेश शर्मा, मदनमोहन शर्मा, श्रीमती अनामिका तोमर, राहुल गुर्जर और सुदामा शर्मा का उत्प्रेरक के रूप में सम्मान हुआ. वहीं मेधावी छात्राओं के रूप में दिव्यांशी शर्मा,97.8%,आयुषी तोमर 97.6%, शीतल वर्मा 97%, भूमि त्यागी 96.8%,किंजल उपाध्याय 94.2% का सम्मान किया गया। इस मौके पर प्राचार्य रामवीर शर्मा ने कहा कि एडवोकेट शिव प्रताप त्यागी, एडवोकेट केशव त्यागी राजीव त्यागी, प्रगति त्यागी एडवोकेट अमन त्यागी द्वारा मेधावी छात्राओं और शिक्षकों तथा मार्गदर्शकों का सम्मान किया गया है,यह आगे बढ़ने को प्रोत्साहित करता है। बेटियों को आगे बढ़ाने, पढ़ाने और बढ़ाने में ऐसे आयोजन मील का पत्थर साबित होंगे. इस अवसर पर संयोजन एडवोकेट केशव त्यागी ने, अतिथि परिचय राजीव त्यागी ने, प्रबंधन सहयोग भवानी सिंह तोमर ने और मोटीवेशन वक्तव्य समाजसेवी सुधीर आचार्य ने दिया. कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक एडवोकेट शिक्षा विद् लोग उपस्थित थे।

# स्वीपर लगाते हैं कचरे में आग, हो सकता है कभी भी बड़ा हादसा



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/जौरा।** नगर के कई गली-मोहल्लों में स्वीपरों द्वारा कचरे के ढेर में आग लगने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसी ही एक बड़ी घटना होते-होते बच गई। 19 अप्रैल को एसएएफ मैदान में किसी सफाई कर्मचारी द्वारा कचरा एकत्रित करने के बाद उसमें आग लगा दी। प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि आज धीरे-धीरे पास में रखे ट्रक तक पहुंच गई। मौके पर मौजूद नागरिकों ने उक्त आग को पानी डालकर बुझाया, नहीं तो और भी बड़ा हादसा हो सकता था। नागरिकों का यह भी कहना है कि कई गली-मोहल्ले में अक्सर सफाई कर्मचारी कचरे के ढेर में आग लगा देते हैं, जिससे कि उन्हें कचरे को वहां से उठाकर नियत स्थान पर नहीं ले जाना पड़े। यह घोर लापरवाही एवं मनमानी भी है। व्यापारी सुनील गोयल का कहना है कि अग्रसेन मंदिर के पास श्री कृष्ण मंदिर रोड, तमोली गली, पटवारी सहित अन्य कई गली -मोहल्ले में लगभग रोज ही स्वीपर कचरे की ढेर में आग लगा देते हैं, जिससे कभी भी बड़ी घटना घट सकती है।

# अम्बाह पुलिस ने दबोचे दो अवैध हथियारधारी

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** दिनांक 05.04.26 को फरियादी विकास गुप्ता पुत्र रामकुमार गुप्ता ने उपस्थित थाना होकर रिपोर्ट की गई कि दिनांक 02.04.26 को फरियादी के मोबाईल पर गुल्ली तोमर ने 25 लाख रूपये की मांग की थी, मुझे लगा कोई मजाक कर रहा है, जिससे मैंने थाने में सूचना नहीं दी थी। उसके बाद दिनांक 05.04.26 को समय दोपहर करीबन 03:30 बजे स्पलेण्डर मोटर साईकिल से 03 व्यक्ति आये जिसमें से 02 लोगो के द्वारा मेरी मेडीकल की दुकान पर फायरिंग की, फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 138 / 2026 धारा 308 (4), 125, 351 (2), 3 (5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।



पुलिस अधीक्षक मुरैना समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा घटना की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण में फरारशुदा आरोपी की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया एवं थाना प्रभारी अम्बाह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उक्त निर्देशों के पालन में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं एसडीओपी अम्बाह रवि भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अम्बाह द्वारा गठित पुलिस टीम के साथ घटना स्थल के आस-पास निरीक्षण किया गया एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया । पुलिस के सतत् प्रयासों एवं कड़ी मेहनत के फलस्वरूप दिनांक 18.04.2026 मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना हाजा के अप.क्र. 138 / 2026 में वांछित घटना के मुख्य आरोपी 1. गुल्ली उर्फ शिवम तोमर पुत्र राकेश सिंह तोमर निवासी विण्डवा थाना महुआ हाल पूठ रोड़ गली नं 07 अम्बाह एवं उसके साथी आरोपी 2. अर्जुन राजावत निवासी दशरथ नगर भिण्ड को भूमिया मंदिर के पास खाद का पुरा से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का अवैध कट्टा एवं 01 जिंदा राउण्ड जब्त किया गया एवं गिरफ्तारशुदा आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया। उक्त घटना में शामिल 02 आरोपीगण को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तारशुदा आरोपियों में से 01 के विरुद्ध पूर्व से भी आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

# जिले भर में पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई भगवान परशुराम जी की जयंती





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम की जयंती अक्षय तृतीया पर जिले भर में पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। हड़बांसी गांव, बड़ोखर एवं सुंदरपुर गांव स्थित भगवान परशुराम के मंदिरों पर सुबह 8 बजे विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती का आयोजन हुआ। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। बड़ोखर स्थित मंदिर पर विप्रजन ने पंचामृत से भगवान परशुराम का अभिषेक किया। जिसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना और महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गिर्राज डंडौतिया, ननि सभापति राधारमण डंडौतिया, दिनेश डण्डौतिया निबी, बृजकिशोर डंडौतिया, लोकेन्द्र डंडौतिया, राजकुमार दुबे, रामशरण शर्मा, संजय दीक्षित, बलवीर पाठक, देवेन्द्र मुदगल, देवीराम उपाध्याय, प्रभाकर मिश्रा, रवि पलिया, संजय उपाध्याय, अजय कटारे, प्रमोद उपाध्याय, हरीश पाठक सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद थे।

## हड़बांसी एवं सुंदरपुर गांव के मंदिरों पर भी मनाई गई जयंती

एमएस रोड पर हड़बांसी गांव के निकट स्थित परशुराम मंदिर पर जयंती के मौके पर रविवार को सुबह 7 बजे से सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अंत में भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना और आरती की गई। जिसके बाद प्रसादी का वितरण हुआ। इसी क्रम में सुंदरपुर गांव स्थित परशुराम मंदिर पर मुन्नालाल डण्डौतिया, राजेन्द्र शर्मा रज्जो के साथ बड़ी संख्या में मौजूद विप्रजनों ने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना कर प्राकट्योत्सव मनाया।

# 03 वर्ष पूर्व गुम हुई बालिका को 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत दस्तायब कर परिजनों को सौंपा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार संचालित मुस्कान अभियान के तहत जिले में गुमशुदा नाबालिग बालक / बालिकाओं की पतारसी - दस्तयाबी एवं जिले में अपहृताओं, बालक / बालिकाओं के विरूद्ध घटित अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर अपराधों का जल्द से जल्द निराकरण किये जाने संबंधी निर्देश जिले के समस्त थाना प्रभारियों को दिए गए।



उक्त निर्देशों तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक मुरैना श्रीमती दीपाली चंदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा गुम नाबालिग बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु थाना स्तर पर विशेष टीम का गठन कर गुम बालक/ बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु यथासंभव स्थानों पर तलाश हेतु भेजा गया एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया।

थाना कोतवाली पुलिस के सतत् प्रयासों के परिणामस्वरूप दिनांक 17.04.26 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना हाजा के अपराध क्रमांक 694 / 23 धारा 363 भादवि में अपहृत नाबालिग बालिका को सूरत, (गुजरात) से दस्तायाब कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# डॉ. शिवानी कुशवाह का हुआ सम्मान एमबीबीएस कर बनीं डॉक्टर

## अम्बाह की बेटी ने बढ़ाया समाज और क्षेत्र का गौरव



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/अम्बाह।** कुशवाह समाज की होनहार बेटी डॉ. शिवानी कुशवाह का उनके निवास पर सम्मान किया गया। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर डॉक्टर बनने पर समाज के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वार्ड क्रमांक 4 के पूर्व पार्षद रामविलास कुशवाह की पुत्री शिवानी ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे कुशवाह समाज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

सम्मान कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला सह कार्यालय मंत्री अखलेश उर्फ कल्ला शर्मा ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। डॉ. शिवानी की यह सफलता अन्य युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश कपासिया, अम्बाह नगर मंडल उपाध्यक्ष पुत्तू कुशवाह एवं अखिलेश सिरमौर सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. शिवानी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पर्यावरण संरक्षण केवल विकल्प नहीं, हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है : सीईओ भार्गव

## बिस्मिल फाउंडेशन के 'एक पौधा-एक जीवन' कार्यक्रम के तहत लगाए एक दर्जन पौधे, प्रकृति संरक्षण का लिया संकल्प

## -दिव्यांग छात्रावास में खाद्य सामग्री बांटी, बच्चों से किया आत्मीय संवाद

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा 'एक पौधा-एक जीवन' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय वृद्धाश्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ कमलेश भार्गव ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा रेडक्रॉस द्वारा संचालित नेत्रहीन दिव्यांग छात्रावास पहुंचकर बच्चों से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर एक दर्जन छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी बीएस इंदौलिया मौजूद रहे, अध्यक्षता बिस्मिल फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ नरेश सिंह सिकरवार ने की।

सीईओ भार्गव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण अब केवल विकल्प नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बदलते मौसम, बढ़ते तापमान और घटते प्राकृतिक संसाधन हमें चेतावनी दे रहे हैं कि प्रकृति के प्रति सजग होना जरूरी है। यदि हर नागरिक एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो क्षेत्र हरियाली की मिसाल बन सकता है।



बिस्मिल संस्थान के अध्यक्ष शिक्षाविद डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। वे हमें शुद्ध वायु, छाया, फल और औषधि प्रदान करते हैं, इसलिए पौधारोपण को जनआंदोलन बनाना समय की आवश्यकता है। जिला शिक्षा अधिकारी बी.एस. इंदौलिया ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारियों का विकास करना भी है और विद्यालय स्तर से पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित की जानी चाहिए।

दिव्यांग छात्रावास में सीईओ भार्गव ने बच्चों को कुकीज़, स्नैक्स व चॉकलेट वितरित किए और उनसे आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बच्चों को आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि मजबूत इरादों से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।भार्गव ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें, नियमित अध्ययन करें, अनुशासन अपनाएं और बड़े सपने देखें। चुनौतियां ही व्यक्ति को मजबूत बनाती हैं। आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर आप समाज में नई पहचान बना सकते हैं।

कार्यक्रम में समाजसेवी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही और सभी ने अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रबुद्धजन, समाजसेवी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर विमलेश यादव, रघुराज परमार, रामबरन सिंह पायथा, सतंजय मिश्रा, जिला सहायक प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी, डॉ. हरेंद्र तोमर, बीईओ रामावतार सिंह चंबल, जगदीश शर्मा, कमलेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, भारत सिंह सिकरवार, राजेंद्र शर्मा, गिरीश शर्मा , सुरेन्द्र शर्मा, सत्यव्रत उपाध्याय, भुवनेश्वर यादव, रामनरेश सिंह, रूप सिंह सिकरवार सहित आधा सैकड़ा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सिविल लाइन पुलिस के हत्थे चढ़े दो आरोपी, हथियार बरामद

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा जिले में आर्म्स एक्ट संबंधी की घटनाओं की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त अपराधों में संलिप्त आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक मुरैना श्रीमती दीपाली चंदौरिया के मार्गदर्शन में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01-01 देशी 315 बोर का कट्टा मय 02 जिंदा राउण्ड के जब्त किया गया। दिनांक 18.04.2026 को थाना सिविल लाइन पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रांतर्गत भिन्न-भिन्न स्थानों पर 02 व्यक्ति वारदात करने की नियत से हथियार लेकर घूम रहे हैं। मुखबिर की उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा मुखबिर के बताए स्थान शिकारपुर रोड़ स्थित सौरभ गुर्जर की प्लॉटिंग एवं फेज - 02 कॉलोनी के सामने खाली प्लॉटिंग एरिया में से मुखबिर द्वारा बताये हुलिये अनुसार 02 व्यक्तियों को पकड़कर तलाशी ली गई तो उनके पास से 01-01 देशी 315 बोर का कट्टा मय 01-01 जिंदा राउण्ड कीमत करीबन 10,000/- का मिला, जिसके संबंध वैध दस्तावेज चाहे गये जो ना होना बताया गया। तदोपरांत उक्त अवैध हथियार को जब्त कर आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया। बाद थाना वापसी पर आरोपी के विरूद्ध क्रमशः अप.क्र. 162/26 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं 163 / 26 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया।



## जनगणना कार्य के तहत स्व गणना की प्रक्रिया प्रारंभ

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी के निर्देश पर जिला जनगणना अधिकारी अरविन्द माहौर ने सभी आमजन और विशिष्ट जनों से अपील की है कि जनगणना कार्य के तहत स्व गणना की प्रक्रिया 16 अप्रैल 2026 से शुरू हो चुकी है। आप सभी https://se.census.gov.in लिंक पर क्लिक करके अपने परिवार की स्व गणना का कार्य पूर्ण का सकते हैं।पूरी प्रक्रिया में मात्र 5 मिनट का समय लगेगा। साथ ही अपने सभी जन पहचान, परिचित, रिश्तेदारों को भी स्वगणना के लिए प्रेरित करें। यह शासन की तरफ जन कल्याण की दिशा में नीति निर्धारण के लिए आपका योगदान रहेगा। इससे शासन की नजर में मुरैना जिले की आम जनता की तरफ से अच्छा सन्देश जाएगा।

# निष्काम कर्म व महत्वाकांछाओं का त्याग ही धर्म की परिभाषा: कृष्णानंद जी

**- चित्रकूट में अमावस्या पर हुआ यात्री रूप में सीताराम जी का व वानर स्वरूप में हनुमान जी का भंडारा, नंदू भैया इंदौर, संजय शशी पाठक ने किया सहयोग, - 125 मरीजों को सीताराम जी स्वरूप में मिला उपचार, - मनीष लखोटिया ग्वालियर ने प्रति दिन चित्रकूट वानर सेवा हेतु प्रदान किया अंश दान, - शशी गांधी जी एवं उनके पुत्रों ने पिता की पुण्यतिथि पर भंडारे में किया अंश दान**







-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में प्रभु श्री सीताराम जी की पूजा अर्चना, रामचरित मानस का पाठ, एवं विनय पत्रिका एवं भक्तमाल की कथा हुई। इसके साथ ही 267 मरीजों ने अपना परीक्षण करा के उपचार कराया। विषय बार मरीजों की संख्या इस प्रकार रही -दन्त रोग 83 स्व. जगदीश प्रसाद गुप्ता मेडिसिन कक्ष में 80, नाक, कान, गला 36, सर्जरी 42, अस्थि रोग 48, नैत्र रोग 28, त्वचा 20 अन्य उक्त शिविर में विशेष रूप से निम्न कार्य सम्पादित किये गए -दांतों के सेट 0, ब्लड प्रेसर की जाँच 45, ई.सी.जी 2, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तहत तम्बाखू, बीड़ी, सिगरेट, शराब से ग्रसित मरीज 26, नशा छोड़ने का संकल्प लिया 18, फिजियोथेरेपी मशीन से उपचार 31, एम्स में पंजीयन1 इसके अलावा स्व. अंकित जैन स्मृति दन्त चिकित्सा कक्ष मे- दांत शल्य क्रिया52, अल्ट्रासोनिक मशीन से पायिरिया का इलाज24, परमार्थ न्यास में आँखों की डिजिटल जांच की सुविधा स्व. प्रकाश शर्मा स्मृति कक्ष मे प्रारंभ हुई जिसमे- आँखों की जाँच 16 एवं इलेक्ट्रिकल लैंप के माध्यम से चश्मे का नंबर प्रदान किये, निष्काम भाव से सेवको ने सेवा की। डॉ. एस.के.शर्मा, डॉ. मुकुल सिंघल, डॉ. भानु सिंह, डॉ. राजेश सिकरवार, डॉ. दीपक बंसल, सलोनी, ममता, अंजलि, अंगूरी, रामबाई, लक्ष्मी, गुड्डी, नारायणी, माया, सुनीता, वंदना, मनीराम, मयूर अग्रवाल, दीपू, श्याम, भगवान शर्मा, घिर, रामायण, राम सहाय, पुरुषोत्तम, दौलतराम, पवन, आदि ने निःशुल्क सेवाए प्रदान की।

प्रत्येक रविवार की तरह सभी समाजसेवियो ने अपनी सेवाये परमार्थ न्यास में यथावत प्रदान की। भगवान स्वरूप में पधारे हुये सभी मरीजों ने अपना इलाज कराया। परमार्थ न्यास में प्रत्येक रविवार की तरह सभी सेवकों ने उपस्थित होकर पूजा पाठ रामचरितमानस पाठ भकात्मल कथा विनय के पद रामरक्षा स्त्रोत का पाठ आरती एवं संकीर्तन किया एवं श्रवण लाभ लिया।

## परमार्थ शिविर में 267 मरीज और 30 सेवक हुए उपस्थित

आज परमार्थ न्यास में कृष्णानंद जी मेंहदीपुर बालाजी से पधारे आपने यहाँ पूजा में शामिल होकर रामचरित मानस पाठ भक्तमाल कथा रामरक्षास्तोत्र पाठ का श्रवण किया तथा परमार्थ न्यास के सभी सेवकों द्वारा की जा रही निःस्वार्थ सेवा का स्वरूप देखकर ह्रदय से प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि समस्त मानवजाति की निःस्वार्थ सेवा तथा व्यक्तिगत संबंधों एवं महत्वाकांक्षाओं के त्याग के आदर्श को लक्ष्य बनाकर जब सक्रिय रूप से कोई व्यक्ति मानवतावादी, कार्यों में लग जाते हैं। जाति, पंथ, वर्ग, वर्ण, वंश या स्त्री-पुरुष का भेदभाव छोड़कर वह विश्वबंधुत्व के आदर्श पर चलता है। परम ब्रह्म के साथ संपूर्ण एकरूप हो जाना ही उसका लक्ष्य होता है। सोते-जागते अपनी चेतना को 'अहं ब्रह्मास्मि' के विचार से सराबोर करता हुआ वह संपूर्ण तृप्ति के साथ संसार में विचरण करता है परन्तु संसार की किसी बात में लिप्त नहीं होता। केवल इसी ढंग से वह अपने जीवन को सार्थक कर सकता है, जिसका अर्थ होता है 'स्व' या अपनी आत्मा के साथ एकरूप होने का प्रयास करने वाला। सत्यम परम धीमहि मार्ग पर चलकर बह अपने कर्त्तव्यों का निर्वाह करते हुए संसार में रह सकता है; वहाँ वह पानी पर तैरते मक्खन की तरह होता है, आसानी से पतला बनाये जा सकने वाले अनुशासनविहीन रूपी दूध की तरह नहीं। यदि मनुष्य अपने अहंकार की इच्छा-वासनाओं में मानसिक रूप से लिप्त न हो और जीवन में अपनी भूमिका को केवल ईश्वर का एक स्वैच्छिक माध्यम बनकर अदा करे, तो सांसारिक कर्त्तव्यों को निभाने के लिये उसे ईश्वर से अलग होने की आवश्यकता नहीं रहती। मानवजाति की निःस्वार्थ सेवा करने के कारण, या मनोवेगों और विचारों पर पूर्ण नियन्त्रण होने के कारण, या ईश्वर पर एकनिष्ठ प्रेम होने के कारण, या एकाग्रता की तीव्र शक्ति के कारण, वे एक अर्थ में योगी ही हैं; क्योंकि उन्होंने अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया

आज मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में मैने देखा कि समस्त सेवक जिस उदार भाव व वाणी से सेवा करते हैं उसे देखकर मैं ह्रदय से अपनी प्रसन्नता व्यक्त करता हूँ एवं जन मानस से आग्रह करता हूँ कि यहाँ प्रभु के दीन स्वरूप की सच्ची सेवा का लाभ ले। मैं सभी को आशीष, शुभकामनाएं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि परमार्थ न्यास के सभी सेवकों में जन मानस की सेवा सत्कर्म का भाव सदैव इसी प्रकार बना रहे। और यह सेवा सत्कर्म निरंतर चलता रहे।

***जरूरमंदों के लिए एक पहल***

हमारा परमार्थ न्यास एम एस रोड पर भोज भवन के सामने स्थित है हर रविवार गरीबों व जरूरतमंदो को निःशुल्क उपचार, दवाईयां और कपड़े उपलब्ध कराता है। अगर किसी के घर में जो दवाईयां और कपड़े उपयोग में ना हो वो लोग गरीबों व जरूरतमंदो के उपयोग हेतु हमे प्रदान कर सकते हैं या स्वयं परमार्थ न्यास पर आकर स्वयं दान दे सकते हैं। आपकी एक पहल जरूरतमंदो के बहुत काम आएगी।

सभी शहर वासियों से निवेदन है कि शव को सुरक्षित रखने हेतु डीप फ्रीजर का उपयोग आवश्यकता होने पर किसी भी समय परमार्थ न्यास से 9827090180 पर संपर्क कर किया जा सकता है।

## नवोदय विद्यालय के छात्रों की शानदार उपलब्धि

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में शानदार उपलब्धि हासिल की है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 कक्षा 10 के घोषित परीक्षा परिणाम में जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रों ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। घोषित परीक्षा परिणाम में सलोनी तोमर ने 98.2 प्रतिशत, अनिरुद्ध त्यागी ने 94.4 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार साहिल शाक्य ने 94.6%, श्वेता राठौड़ ने 96.6 प्रतिशत एवं निर्देश जाटव ने 94% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती वंदना कुलश्रेष्ठ, उप प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी सहित अशोक कुमार शर्मा, तिवारी सर, रामलखन सिंह याज्ञिक सहित सभी विद्यालय स्टाफ ने बच्चों को सफलता पर बधाई भी दी है।

# प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का जनगणना कार्य के लिए दिया जा रहा है प्रशिक्षण

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित लगभग आधा सैकड़ा से अधिक प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों पर की जाएंगी कार्यवाही

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** जनगणना 2027 के सुचारू संम्पादन हेतु कार्य मे लगे सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.विद्यलाय क्रमांक 1 मुरैना में आयोजित किया गया है, जिसमें फिल्ड ट्रेनरों द्वारा समस्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदाय किया गया और बताया गया कि 01 मई 2026 से सभी प्रगणकों को फील्ड मे जनगणना कार्य किया जाना है, एवं दिनांक 16.04.2026 से आम नागरिकों को स्वंय गणना करने की भी व्यवस्था की गई है। आम नागरिक जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपनी स्वंय की गणना भी कर सकते हैं। जनगणना प्रशिक्षण से अनुपस्थित लगभग 40 प्रगणकों व पर्यवेक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी। शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.विद्यलाय क्रमांक 1 मुरैना में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले 40 प्रगणकों और सुपरवाइजरों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। सहायक आयुक्त नगर निगम एल.एस. डोडिया ने जानकारी दी कि उक्त सभी अनुपस्थित कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित प्रगणकों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के शेष दो दिनों में शामिल होने का अंतिम अवसर दिया गया है। यदि वे निर्धारित अवधि में प्रशिक्षण में शामिल नहीं होते हैं, तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी।



प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी नियुक्त कार्मिकों की उपस्थिति सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

# हाईटेंशन लाईन से केंटर वाहन में करंट फैला, दो मजदूरों की मौत

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** केटरिंग के सामान सहित मजदूरों को लेकर आगरा से माताबसैया क्षेत्र के चंदूपुरा गांव जा रहा आयशर केंटर वाहन सड़क के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाईन से टकरा गया। ट्रक के ऊपर बैठे आधा दर्जन से अधिक मजदूर करंट लगने से झुलसकर अचेत हो गए। जिनमें से दो मजदूरों की मौत हो गई। हादसा रविवार की सुबह करीब 8 बजे होना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार माताबसैया थाना क्षेत्र के ग्राम चंदूपुरा में रहने वाले गब्बर सिंह गुर्जर, देवेन्द्र सिंह गुर्जर के यहां 19 अप्रैल को उनकी बिटिया शीतल गुर्जर का शादी समारोह होना था। शादी में केटरिंग के काम के लिए उनके द्वारा हलवाई एवं केटरिंग ठेकेदार अभिषेक को जिम्मेदारी सौंपी थी। ठेकेदार अभिषेक आगरा से केटरिंग का सामान और 8 मजदूरों के साथ आयशर केंटर वाहन लेकर निकला था। मजदूर ट्रक के ऊपर बैठे हुए थे। केंटर वाहन जब चंदूपुरा गांव में समारोह स्थल तक जाने के लिए खेतों से होकर गुजर रहा था, तभी ऊपर से गुजरी बिजली की हाईटेंशन लाईन को मजदूर देख नहीं सके और उसकी चपेट में आ गए। जिससे मजदूरों को करंट का झटका लगा और पूरे केंटर वाहन में करंट फैल गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने लकड़ी की मदद से हाईटेंशन लाईन के तारों को केंटर वाहन से दूर किया और करंट लगने से झुलसे मजदूरों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान मजदूर आलोक श्रीवास 20 पुत्र रामसिंह श्रीवास और विक्की जाटव (18) निवासीगण कछपुरा आगरा कैंट की मौत हो गई। जबकि अन्य मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। दोनों मजदूरों के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजन को सौंप दिए है। मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



# ट्रेन में चोरी करने वाले 2 पकड़े, 3.40 लाख के जेवरात बरामद





**मुरैना।** मेल-एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में मुसाफिरों के पर्स व ज्वैलरी को चोरी किए जाने की घटनाओं को अंजाम देने वाले 2 बदमाशों को जीआरपी मुरैना की टीम ने गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों के कब्जे से चुराए गए सोना-चांदी के जेवरात व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। जिनकी कीमत 3 लाख 40 हजार रूपये आंकी गई है। जानकारी के अनुसार जीआरपी मुरैना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ट्रेनों में हो रही चोरी की वारदातों को ट्रेस करने के लिए जीआरपी मुरैना थाना प्रभारी एसआई अमित शर्मा और उनकी टीम लगातार प्रयासरत थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम ने 19 अप्रैल को वंश शर्मा 19 पुत्र गिर्राज शर्मा निवासी भदौरिया गार्डन के पीछे संजय कॉलोनी मुरैना और श्यामू गुर्जर 21 पुत्र देवेन्द्र गुर्जर निवासी ग्राम चौकिहाई थाना सिहौनिया को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उन्होंने ट्रेन में चोरी की दो वारदातों को अंजाम दिया जाना कुबूल किया। जीआरपी ने बदमाशों की निशानदेही पर एक मोबाइल फोन समेत 3 लाख 40 हजार रूपये कीमती सोना-चांदी के जेवरात बरामद कर लिए है।

# परशुराम जयंती पर निकला चल समारोह, जगह-जगह हुआ स्वागत





**ग्वालियर।** रविवार को परशुराम जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर के मंदिरों में भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की गई। वहीं एक चल समारोह भी निकाला गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। चल समारोह में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी रथ पर सवार थे।

परशुराम जयंती के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। भगवान परशुराम के मंदिरों में उनका अभिषेक किया गया, जिसके बाद विशेष पूजा-अर्चना कर भोग लगाया गया और प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ देखी गई। अक्षय तृतीया के अवसर पर भी लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान चक्रधर के दर्शन किए। शाम के समय ब्राह्मण समाज ने चल समारोह निकाला। इसमें हजारों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया और भगवान के भजनों पर नाचते-झूमते हुए अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

यह चल समारोह शहर के फूलबाग मैदान से शुरू हुआ, जो फूलबाग चौपाटी, सिंधिया कन्या विद्यालय, पड़ाव तिराहा, तानसेन चौराहा और गांधी रोड से होते हुए आकाशवाणी चौराहा पहुंचा, जहां से यह परशुराम चौक पर पहुंचकर समाप्त हुआ। चल समारोह के मार्ग में समाज के लोगों ने कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भगवान परशुराम की जय जयकार के नारे लगाए। समारोह में कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस पेट्रोलिंग वाहन भी लगातार गश्त करते रहे।

# सफलता की कहानी: दीनदयाल रसोई भोजन ही नहीं आत्मसम्मान भी परोसती है

(हितेन्द्र सिंह भदौरिया)

**ग्वालियर।** कहा जाता है कि भूखे को भोजन कराना ही सबसे बड़ी सेवा है, लेकिन जब यह भोजन केवल पेट न भरे बल्कि व्यक्ति के आत्म-सम्मान को भी बढ़ाए, तो वह श्जन-कल्याणश् की असली मिसाल बन जाता है। मध्यप्रदेश सरकार की श्मुख्यमंत्री दीनदयाल रसोई योजनाश् ग्वालियर में पिछले 9 वर्षों से इसी संकल्प को चरितार्थ कर रही है। महज 5 रुपए में दाल, चावल, सब्जी और 5 रोटियों वाला पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद लोगों और श्रमिकों के लिए अन्नपूर्णा की भूमिका निभा रही है। दीनदयाल रसोई में भोजन करने वाले जरूरतमंदों का कहना है कि यहां मिलने वाले भोजन की थाली सही मायने में



÷सम्मान वाली थाली÷ है, जिसमें हमें भोजन के साथ आत्मसम्मान भी परोसा जाता है।

ग्वालियर में ÷दीनदयाल रसोई÷ अब तक लगभग 59 हजार से अधिक जरूरतमंदों को भोजन करा चुकी है। ग्वालियर में प्रदेश सरकार द्वारा 7 अप्रैल 2017 को मुख्य बस स्टैंड पर पहली दीनदयाल रसोई शुरू की गई थी। ग्वालियर में अब कुल 8 ÷दीनदयाल रसोई÷ हो गई हैं। इनमें से चार स्थायी रसोई जो मुख्य बस स्टेण्ड, राजपायगा रोड, झांसी रोड बस स्टेण्ड व इंटक मैदान में संचालित हैं। चार चलित दीनदयाल रसोई सुबह-सुबह उन चौराहों पर दस्तक देती हैं, जहां श्रमिक काम की तलाश में जुटते हैं। यह रसोई केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि ऐसे हजारों श्रमिकों, गरीब परिवारों के विद्यार्थियों और मरीजों के परिजनों के लिए एक बड़ा संबल है, जो दूसरे शहरों से ग्वालियर आते हैं। इस सेवा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए रसोई में आधुनिक मशीनों का उपयोग किया जाता है। प्रतिदिन सुबह 5 बजे से ही श्अन्न सेवाश् का कार्य प्रारंभ हो जाता है। आधुनिक मशीनों से प्रतिदिन औसतन 15,000 रोटियां तैयार की जाती हैं। प्रबंधन की कुशलता ऐसी है कि मेनू के अनुसार रोटियों और चावल की मात्रा तय की जाती है, ताकि भोजन की बर्बादी रत्ती भर भी न हो। दीनदयाल रसोई की सबसे बड़ी सफ्लता इसकी विश्वसनीयता है। आज स्थिति यह है कि यहाँ दानदाताओं की 7 दिन की एडवांस वेटिंग रहती है। सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से अस्पतालों मसलन जयारोग्य अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर और कैंसर अस्पताल जैसे स्थानों पर मरीजों के परिजनों को निरूशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। शहर के सेवाभावी नागरिक अपने जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ या अपनों की स्मृति में यहाँ भोजन प्रायोजित करते हैं। त्यौहारों और विशेष अवसरों पर तो यह मांग इतनी बढ़ जाती है कि प्रबंधन को कई दिन पहले से बुकिंग संभालनी पड़ती है। मध्य प्रदेश सरकार की इस दूरदर्शी योजना ने समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को यह विश्वास दिलाया है कि प्रदेश की सरकार उसके साथ खड़ी है। मात्र 5 रुपए में मिलने वाली यह सम्मान की थाली ग्वालियर में सेवा और सुशासन की पहचान बन चुकी है।

# जेल में हर महीने दिव्यांग परीक्षण शिविर लगाए: डॉ. खेमरिया

**- आयुक्त दिव्यांगजन ने किया केन्द्रीय जेल का निरीक्षण**

**ग्वालियर ।** केन्द्रीय जेल में जिन दिव्यांग बंदियों के पास यूडीआईडी कार्ड (दिव्यांगता प्रमाण पत्र) नही हैं, उनके अभियान बतौर कार्ड बनाए जायेंगे। सामाजिक न्याय व दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और जेल प्रशासन मिलकर केन्द्रीय जेल के दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य जेल बनाने के लिए काम करेंगे। दिव्यांगजन आयुक्त डॉ. अजय खेमरिया ने रविवार को केन्द्रीय जेल के निरीक्षण के दौरान यह बात कही। केन्द्रीय जेल में दिव्यांगजन परीक्षण शिविर भी लगाया गया था।

आयुक्त दिव्यांगजन ने जेल के विभिन्न बैरकों, अस्पताल, टॉयलेट



ब्लाक, भोजनशाला आदि स्थलों का सुगम्यता की दृष्टि से अवलोकन कर रैम्प बनाने के लिये पृथक से प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी जेल अधीक्षक को दिए। इस अवसर पर आयुक्त दिव्यांगजन डॉ. खेमरिया ने जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की टीम को निर्देश दिए कि जेल प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर प्रति माह दिव्यांग परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएं। डॉ. खेमरिया ने बंदियों से चर्चा के दौरान कहा कि प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल के निर्देश पर प्रदेश भर की जेलों को दिव्यांग फ्रेंडली बनाया जा रहा है। जेल अधीक्षक विदित सिरवैया ने बताया कि केन्द्रीय जेल में वर्तमान में 05 महिलाओं समेत 132 दिव्यांग बंदी हैं। इनके लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के आशीष शर्मा ने बंदियों को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के विविध प्रावधानों की जानकारी प्रदान की।

# मुनिराजों ने किया जिन सहस्त्रनाम शांतिधारा और भक्तामर विधान

**ग्वालियर।** अक्षय तृतीया पर सकल जैन समाज के तत्वाधान में जैन उपाध्याय विनिश्चल सागर और मुनिराजों ससंघ के सानिध्य में जिन सहस्त्रनाम शांतिधारा एवं भक्तामर विधान का आयोजन रविवार को नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में किया गया। वहीं जैन समाज के लोगों ने जैन संतों को इच्छु (गन्ने) के रस से आहारचर्या कराई।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि अक्षय तृतीया पर उपाध्याय विनिश्चल सागर, मुनिश्री अनुपम सागर महाराज, मुनिश्री अनुपमा सागर महाराज, मुनिश्री



विनिशोध सागर, मुनि निर्मोह सागर और मुनिश्री अनंग सागर महाराज ने 1008 मंत्रों से जिन सहस्त्रनाम शांतिधारा भगवान आदिनाथ के मस्तक पर जल के कलशों से जैन समाज के पुरुष और युवाओं ने पीले वस्त्र और मुकुट लगाकर भक्ति के साथ की। अक्षय तृतीया पर भक्तामर विधान में मुनिराजों ने 48 मंत्रों का गुड़गान कर इंद्र इन्द्रणियों ने संगीतमय पूजन कर भक्तामर मंडप पर झूमते हुए 48 महा अर्घ्य नारियल के गोले समर्पित किए। इस मौके पर महेंद्र टोंग्या, विनय कासलीवाल, मुकेश पहाड़िया, शंशाक जैन, पंकज बाकलीवाल, संजीव अजमेर मौजूद थे।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 14 जून को

**ग्वालियर।** शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था जन उत्थान न्यास द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 जून को संस्कृति गार्डन ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में कक्षा 10वीं, कक्षा 12वीं एवं सी.बी.एस.ई के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने दी ।

मेधावी छात्र-छात्राओं में 75 प्रतिशत अथवा इससे अधिक प्रतिशत प्राप्त करने वालों को शामिल किया जाएगा। मेधावी छात्र-छात्राएं फार्म 22 अप्रैल से ललितपुर कॉलोनी स्थित कार्यालय, लक्की मोबाईल स्टोर गोला का मंदिर चौराहा, पनवाड़ी पोहा छविराम प्लाजा महाराजा कॉम्पलेक्स के सामने दीनदयाल नगर, नमन ऑपटिकल कांग्रेस कार्यालय के नीचे बारादरी चौराहा मुरार, होटल नटराज थाठीपुर चौराहा स्थानों से प्राप्त किए जा सकेंगे तथा फार्म 30 मई तक जमा करने होंगे। फार्म के साथ फोटो एवं अंकसूची की फोटा प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

## गल्ले से 88 हजार रुपए ले गए चोर

**ग्वालियर।** एक दुकान के गल्ले से चोर 87 हजार 550 रुपए चोरी कर ले गए। घटना हजीरा थाना क्षेत्र के बिरला नगर रोड यूको बैंक के बगल में कृष्णा ट्रेडर्स की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। कोटेश्वर कॉलोनी निवासी 57 वर्षीय संजीव कुमार ङ्क्षसघल व्यवसायी है और उनकी बिरला नगर यूको बैंक के पास कृष्णा ट्रेडर्स के नाम से शॉप है। बीते रोज वह टायलेट करने के लिए गए थे। इसी बीच एक चोर दुकान के गल्ले से 87 हजार 550 रुपए निकाल ले गया। मामले की शिकायत पीडित ने पुलिस से की थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अब चोर का पता लगाने के लिए आस-पास लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। जिससे चोर की पहचान की जा सके और उसे पकड़ा जा सके। इस मामले में थाना प्रभारी हजीरा जितेन्द्र सिंह तोमर का कहना है कि एक दुकान के गल्ले से चोर नकदी चोरी कर ले गया है।

# पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल ने केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से सौजन्य भेंट की



**ग्वालियर।** ग्वालियर डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के नवमनोनीत कार्यकारिणी सदस्य पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल ने नई दिल्ली में मंत्रालय में जाकर केन्द्रीय संचार एवं पूर्वात्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य भेंट की और ग्वालियर डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन में सदस्य बनाए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही श्री सिंधिया को भारतीय जनता पार्टी के कोर कमेटी सदस्य बनाए जाने पर बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मांग की कि एक नया हवाई सेवा हैदराबाद से ग्वालियर और ग्वालियर से हैदराबाद चालू की जाये, जिससे क्षेत्र के शिक्षित बच्चों को आवागमन की सुविधा प्राप्त हो सकें।

# सभापति तोमर ने 3 दिव्यांगजनों को बांटी मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

**ग्वालियर।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर सभापति मनोज तोमर के द्वारा 3 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल एवं हेलमेट का वितरण किया गया। ट्राई साइकिल मिलने से दिव्यांगजनों को बेहद खुशी हुई, क्योंकि दिव्यांग होने के कारण यह सभी जन चलने में लगभग असमर्थ थे। अब वह बिना किसी सहारे के एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। आमखो



स्थित अपने निज निवास कार्यालय से सभापति मनोज तोमर द्वारा रविवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर 3 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल का निशुल्क वितरण किया गया। मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिल जाने से यह लोग अब बिना किसी के आश्रित हुए अपनी मर्जी से शहर में कहीं भी आ जा सकते हैं। इसके साथ ही यह अपना छोटा-मोटा व्यवसाय भी कर सकते हैं।

# विधायक प्रीमियर लीग एक मई से, 22 तक जमा होंगे फार्म

**ग्वालियर।** जन उत्थान न्यास के तत्त्वाधान में विधायक प्रीमियर लीग 2026 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

टूर्नामेंट की जानकारी देते हुये कांग्रेस पार्टी के ग्वालियर पूर्व से विधायक एवं जन उत्थान न्यास के अध्यक्ष डॉ. सतीश सिकरवार ने बताया कि 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा में विधायक प्रीमियर लीग 2026 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 1 मई से एमएलबी कॉलेज मैदान पर किया जा रहा है। इसमें ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र की 19 वार्डों की टीमें भाग लेंगी। फार्म जमा करने की अंतिम तारीख 22 अप्रैल को शाम 5 बजे तक न्यास कार्यालय ललितपुर कॉलोनी ग्वालियर पर किये जा सकेंगे।

विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने बताया कि विजेता टीम को एक लाख रूपये, उपविजेता टीम को 51 हजार रूपये एवं तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 31 हजार रूपये का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। टूर्नामेन्ट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को स्कूटी दी जायेगी एवं सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर को 11-11 हजार रूपये का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। टूर्नामेंट में 11 टीमों को प्रोत्साहन राशि 5100 रूपये दी जाएगी। टूर्नामेंट में प्रत्येक मैच के मैन ऑफद मैच खिलाड़ी को 1100 रूपये नगद पुरस्कार दिया जायेगा। इसके साथ ही सभी टीमों के खिलाड़ियों को आयोजन समिति द्वारा टी-शर्ट प्रदान की जायेगी। टूर्नामेंट का शुभारंभ 1 मई को शाम 6 बजे होगा।

## अक्षय तृतीया 2026: रिकॉर्ड कीमतों के बीच मजबूत मांग

# मध्यप्रदेश में सोने एवं अन्य वस्तुओं की मजबूत मांग- 1500 करोड़ के व्यापार का अनुमान, खरीद के तरीके में बदलाव

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** 'कभी न घटने वाली समृद्धि' का प्रतीक मानी जाने वाली अक्षय तृतीया मध्यप्रदेश के वासियों के मन में गहरी आस्था और आर्थिक महत्व के साथ मनाई जाती है भारत में आज भी गहरी आस्था और आर्थिक महत्व के साथ मनाई जाती है। सोना-चांदी की कीमतों में अभूतपूर्व बढ़ोतरी के बावजूद आज अक्षय तृतीया के दिन देश भर में लगभग 1500 करोड़ के व्यापार का अनुमान है। यह पिछले वर्ष के लगभग 1200 करोड़ के मुकाबले उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। यह जानकारी कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने दी। अकेले इंदौर और भोपाल में यह व्यापार लगभग 500 करोड़ रुपए के आसपास रहेगा।

कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने कहा कि अक्षय तृतीया पारंपरिक रूप से सोना खरीदने के लिए देश के सबसे शुभ अवसरों में से एक रहा है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किया गया निवेश स्थायी समृद्धि लेकर आता है। उन्होंने कहा, 'हालांकि सोना अभी भी खरीद का केंद्र बना हुआ है, लेकिन तेज़ी से बढ़ती कीमतों के चलते खरीद के स्वरूप में स्पष्ट बदलाव देखने को मिल रहा है।'

इस वर्ष सोने की कीमतें पिछले वर्ष के लगभग 1,00,000 प्रति 10 ग्राम से बढ़कर लगभग ?1.58 लाख तक पहुँच गई हैं, जबकि चांदी 85,000 प्रति किलो से बढ़कर 2.55 लाख प्रति किलो के ऐतिहासिक स्तर पर पहुँच गई है। कीमतों में इस तीव्र वृद्धि ने उपभोक्ता व्यवहार में बड़ा बदलाव ला दिया है। ऊंची कीमतों के बावजूद मांग कमजोर नहीं हुई है, बल्कि खरीदारी अब अधिक सोच-समझकर और मूल्य-आधारित हो रही है।

कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने कहा कि म.प्र. के ज्वैलर्स ने बदलते रुझानों के अनुसार अपनी रणनीतियों में बदलाव किया है। 'हल्के बजन के



आभूषण, रोज़मर्रा में पहने जाने वाले डिज़ाइन, चांदी और हीरे के उत्पादों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही मेकिंग चार्ज में छूट और छोटे गोल्ड कॉइन जैसे आकर्षक ऑफर्स से ग्राहकों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जहां एक ओर कुल व्यापार का मूल्य बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर वास्तविक मात्रा में गिरावट एक अलग ही तस्वीर पेश कर रही है।

कैट के सहयोगी संगठन ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन (AIJGF) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पंकज अरोड़ा द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 16,000 करोड़ के अनुमानित सोने के व्यापार का अर्थ वर्तमान कीमतों पर लगभग 10,000 किलो (10 टन) सोने की बिक्री है। यदि इसे देशभर के अनुमानित 2 से 4 लाख ज्वैलर्स में बांटा जाए, तो प्रति ज्वैलर औसतन केवल 25 से 50 ग्राम सोने की बिक्री होती है, जो मात्रा में स्पष्ट गिरावट को दर्शाता है। इसी प्रकार 4,000 करोड़ के चांदी के व्यापार का अर्थ लगभग 1,56,800 किलो (करीब 157 टन) चांदी की बिक्री है, जिससे प्रति ज्वैलर औसतन केवल 400 से 800 ग्राम चांदी की बिक्री होती है। अरोड़ा ने कहा, 'ये आंकड़े स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि कीमतों में वृद्धि के कारण व्यापार का मूल्य तो बढ़ रहा है, लेकिन वास्तविक खपत घट रही है। यही वजह है कि इस वर्ष बाजार में हल्के आभूषण और छोटे सिक्कों की मांग अधिक है।' उन्होंने यह भी कहा कि कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण ज्वैलर्स के लिए स्टॉक प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बन गया है। इसके बावजूद त्योहार की सकारात्मक भावना के चलते बाजारों में अच्छी ग्राहकी देखी जा रही है। उपभोक्ता अब पारंपरिक आस्था के साथ-साथ आर्थिक समझदारी को ध्यान में रखते हुए सीमित और विवेकपूर्ण निवेश कर रहे हैं। इसके साथ ही डिजिटल गोल्ड, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (स्त्रक्र) और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (श्व्रञ्जस्न) जैसे वैकल्पिक निवेश विकल्पों की ओर भी लोगों का रुझान बढ़ रहा है, जो अधिक तरलता, सुरक्षा और लचीलापन प्रदान करते हैं। कैट और एआईजेजीएफ ने सभी ज्वैलर्स से अपील की है कि वे अनिवार्य हॉलमार्किंग (HUID) का सख्ती से पालन करें, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो और उपभोक्ताओं का विश्वास मजबूत हो। ग्राहकों को भी खरीदारी के दौरान शुद्धता और प्रमाणिकता के प्रति सजग रहने की सलाह दी गई है। अक्षय तृतीया 2026 परंपरा और आधुनिक वित्तीय सोच के अनूठे संगम का प्रतीक बनकर उभर रही हैः जहां आस्था मांग को प्रेरित करती है, वहीं समझदारी यह तय करती है कि खरीदारी कैसे की जाए।

# म.प्र. पूर्व विधायक मंडल ने स्व. राजेन्द्र सिंह को पुण्यतिथि पर किया नमन्

**-विधानसभा स्थित कार्यालय में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि**

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**भोपाल।** पूर्व विधायक मंडल, म.प्र. के पदाधिकारियों ने शनिवार को विधानसभा स्थित पूर्व विधायक मंडल कार्यालय में पूर्व अध्यक्ष एवं संस्थापक स्व. राजेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष जसवंत सिंह ने कहा कि स्व. राजेन्द्र सिंह उनके राजनीतिक संघर्ष के दिनों के साथी रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक मंडल की स्थापना में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है और उनका व्यक्तित्व सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री भगवान सिंह यादव ने कहा कि स्व.



राजेन्द्र सिंह से उनके पारिवारिक संबंध थे। उनके पिता स्व. डोंगर सिंह कक्का ने उन्हें राजनीति में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। महामंत्री प्रेमनारायण मिश्रा ने कहा कि स्व. राजेन्द्र सिंह के परिवार की सफलता में उनके पिता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि यह परिवार सामंतवाद के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक रहा है। इस दौरान योगेन्द्र सिंह, अमित दीवान, देवेन्द्र साहू, गोविंद रघुवंशी, राधेश्याम भार्गव, शिवेन्द्र तिवारी, रामसेवक मीना, सूर्यनारायण सेन, रामाधार पटेल, मनोज चतुर्वेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने स्व. राजेन्द्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्वामित्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए श्रीसिद्धीविनायक प्रिन्टर्स, 26 बी, प्रेस कॉम्पलेक्स जोन -1 एम.पी. नगर भोपाल मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 5-अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। आर.एन.आई नं. MPHIN/2007/18768
संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे 94251-26060, प्रबंध संपादक विकास शिवहरे 9770080488, संयुक्त संपादक- नीरज शिवहरे 9827359400, सहायक संपादक- संजय माकवे 9425375149, भोपाल कार्यालय- 5 अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय होगा।